वर्ष: 5 | अंक: 87
https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD
पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00
FIRST INDIA
दैनिक हिंदी अखबार
फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित
जयपुर, सोमवार, 09 मार्च, 2026
चैत्र, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विसं 2082

# सच बेधड़क





## संजू सैमसन

| रन | चौके |
|---|---|
| 89 | 05 |
| **गेंद** | **छक्के** |
| 46 | 08 |

पिछले दो महीने से मैं सचिन सर से लगातार संपर्क में था। उनसे मार्गदर्शन मिलने से बेहतर क्या हो सकता है। जिसने भी मेरा समर्थन किया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं।
**- संजू सैमसन**

## भारत तीसरी बार और लगातार दूसरी बार बना टी20 का विश्व विजेता

### पहली बार मेजबान टीम ने खिताब जीता

### फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

**बेधड़क** | अहमदाबाद

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने 96 रन से शानदार जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारत लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम भी बन गया, जबकि पहली बार किसी मेजबान देश ने यह खिताब जीता है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी चुनी। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए। संजू सैमसन ने 89 रन की शानदार पारी खेली, जबकि ईशान किशन (54) और अभिषेक शर्मा (52) ने अर्धशतक जड़े। अंत में शिवम दुबे ने 8 गेंद में 26 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) ही संघर्ष कर सके। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम एक बार फिर खिताब जीतने से चूक गई है।

# टी20 का बादशाह 'भारत'



### बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच, सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज

फाइनल मुकाबले में 15 रन देकर 4 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं, 5 मैच में 3 फिफ्टी के सहारे 321 रन बनाने वाले संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ सीरीज चुना गया।



### 'शाबाश, टीम इंडिया!

टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! यह जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबाश, टीम इंडिया!'
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

| अभिषेक | |
|---|---|
| रन | 52 |
| गेंद | 21 |
| चौके | 06 |
| छक्के | 03 |

| ईशान | |
|---|---|
| रन | 54 |
| गेंद | 25 |
| चौके | 04 |
| छक्के | 04 |

## जरूरी खबर

### संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा और इसके हंगामेदार रहने की संभावना है। लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होगी, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने सांसदों को सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। संख्या बल सरकार के पक्ष में होने से प्रस्ताव के खारिज होने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, तेल आपूर्ति, पश्चिम बंगाल की एसआईआर और राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल विवाद जैसे मुद्दों पर भी सत्र में तीखी बहस हो सकती है।

### नीतीश के बेटे निशांत जद (यू) में शामिल



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की मौजूदगी में उन्होंने जद(यू) की सदस्यता ग्रहण की। निशांत ने कहा कि वह अपने पिता के मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

## हनुमानगढ़ में महिला दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

# नारी सशक्त होगी तो देश मजबूत होगा: मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | हनुमानगढ़/जयपुर

■ 1,000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के शिलान्यास

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को हनुमानगढ़ की धान मंडी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज की वह धुरी हैं, जिनके सशक्त होने से समाज और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने महिला अधिकार, सम्मान और समान अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए आधी आबादी की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व ने महिलाओं को नई प्रेरणा दी है। साथ ही कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के योगदान का जिक्र किया। खेल जगत में पीवी सिंधु, स्मृति मंधाना, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत कौर, मनु भाकर और अवनी लेखरा जैसी खिलाड़ियों की उपलब्धियों को भी उन्होंने देश के लिए गौरवपूर्ण बताया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हनुमानगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विकास कार्यों के शिलान्यास करते हुए। साथ में (बाएं से दाएं) विधायक गुरवीर बराड़, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा और अन्य।*



### 'लाडो प्रोत्साहन' का पोर्टल लॉन्च

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ जिले में एक हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 'लाडो प्रोत्साहन योजना' का पोर्टल लॉन्च कर लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि हस्तांतरित की। इसके अलावा पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना और स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण के प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए गए।

### मोदी की नीतियां महिलाओं के पक्ष में

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को केंद्र में रखकर कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, जबकि उज्ज्वला योजना के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन मिले हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं के नाम या संयुक्त नाम पर दिए गए हैं। वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### प्रदेश में महिलाओं के लिए योजनाएं

राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 16 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। 1.39 लाख स्वयं सहायता समूहों को 679 करोड़ रुपए की आजीविका सहायता दी गई है। एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के तहत 19 लाख से अधिक महिला पेंशनरों को 6,876 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है, जबकि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 27 हजार से अधिक कन्याओं के विवाह के लिए लगभग 101 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की और बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, विधायक जयदीप बिहाणी, गणेशराज बंसल, गुरवीर बराड़ और संजीव बेनीवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खाड़ी क्षेत्र में मिसाइल-ड्रोन हमलों से तनाव बढ़ा

# सुप्रीम लीडर के चयन में बाहरी दखल नहीं होगा: ईरान

**एजेंसी** | तेहरान/तेल अवीव

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर का चयन पूरी तरह ईरान का आंतरिक मामला है और इसमें किसी भी बाहरी शक्ति का दखल स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि नए सुप्रीम लीडर के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है। एनबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में अराघची ने स्पष्ट कहा कि सुप्रीम लीडर का चयन ईरान की जनता और वहां की संवैधानिक संस्थाओं का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति, कैबिनेट और संसद समेत देश की सभी राजनीतिक संस्थाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं।



ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी की दो महिलाएं, तेहरान में एक तेल स्टोरेज फैसिलिटी पर शनिवार देर रात हुए यूएस-इजराइली हमले से निकले धुएं का उठता घना गुबार आसमान में देखते हुए।

### सुप्रीम लीडर की दौड़ में पांच प्रमुख नाम

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के चयन को लेकर पांच प्रमुख नामों की चर्चा है। इनमें मुजतबा खामेनेई, अलीरेजा अराफी, मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी, हसन खोमैनी और हाशेम होसेनी बुशेहरी शामिल हैं। मुजतबा खामेनेई दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे हैं और उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के करीब माना जाता है। अलीरेजा अराफी असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के डिप्टी चेयरमैन रह चुके हैं, जबकि मीरबाघेरी कट्टरपंथी धर्मगुरु माने जाते हैं। हसन खोमैनी इस्लामिक रिपब्लिक के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के पोते हैं। वहीं हाशेम होसेनी बुशेहरी को चयन प्रक्रिया से जुड़े अहम चेहरों में गिना जाता है। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर नए सुप्रीम लीडर की घोषणा नहीं हुई है।

### लेबनान में इजराइली हमले, 15 की मौत

इस बीच लेबनान में शनिवार रात इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। राजधानी बेरूत के एक होटल को निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल हमले में चार लोगों की मौत हुई, जबकि अन्य शहरों में भी कई हवाई हमले किए गए। ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का दावा करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने इजराइल के अल-मलिकिया सैन्य ठिकाने पर रॉकेट दागे और उत्तरी इजराइल के किरयात शमोना शहर पर कामीकाजे ड्रोन हमला किया।

### खाड़ी में भी बढ़ा खतरा, 234 मिसाइल... 422 ड्रोन दागे

जारी संघर्ष के बीच कुवैत ने दावा किया है कि उस पर पिछले कुछ दिनों में 234 मिसाइल और 422 ड्रोन दागे गए हैं। हमलों में एक बच्ची सहित कई लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने ईरान के नागरिकों से घरों में रहने की अपील की है। अमेरिकी सेना का आरोप है कि ईरान की सैन्य इकाइयां घनी आबादी वाले इलाकों से मिसाइल और ड्रोन लॉन्च कर रही हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात ने भी ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमलों का दावा किया है। यूएई के रक्षा मंत्रालय के अनुसार एयर डिफेंस सिस्टम ने कई हमलों को हवा में ही निष्क्रिय कर दिया और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## दिल्ली में 33,500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

# राष्ट्रपति के अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी जनता: PM

**बेधड़क** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर रविवार को तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य की जागरूक जनता देश की राष्ट्रपति और एक आदिवासी महिला नेता का 'अपमान' करने के लिए तृणमूल कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर इस तरह की घटना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के कारण राष्ट्रपति के कार्यक्रम में कुप्रबंधन हुआ और यह न केवल राष्ट्रपति, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान है।



**तीन नए कॉरिडोर की रखी आधारशिला:** इस मौके पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 33,500 करोड़ रुपए से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इनमें दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर शामिल हैं, पिंक लाइन का 12.3 किलोमीटर लंबा मजलिस पार्क–मौजपुर–बाबरपुर कॉरिडोर और मैजेंटा लाइन का 9.9 किलोमीटर लंबा दीपाली चौक–मजलिस पार्क कॉरिडोर। इनसे बुराड़ी, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक और भलस्वा जैसे इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। प्रधानमंत्री ने मेट्रो विस्तार योजना के तहत तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी, जिनकी कुल लंबाई लगभग 16 किलोमीटर होगी। इसके अलावा उन्होंने 'जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन' पुनर्विकास योजना के तहत 15,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की और सरोजिनी नगर में नए आवासीय परिसरों का निरीक्षण किया।

**दिल्ली को 'आप' के 'काम कम, बहाने ज्यादा' मॉडल से मुक्ति मिली:** मोदी ने दिल्ली की पूर्व आम आदमी पार्टी सरकार पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में विकास कार्य ठप रहे और परियोजनाएं 'फाइलों में ही दम तोड़ती रहीं'। उन्होंने कहा कि एक वर्ष पहले भाजपा सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की गति तेज हुई है और अब परियोजनाएं तेजी से जमीन पर उतर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं, बल्कि पूरे देश की छवि और ऊर्जा से जुड़ा हुआ है।

**बंगाल सरकार से जवाब तलब:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सूत्रों के अनुसार केंद्र ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े कथित उल्लंघनों पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। पत्र में 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए राष्ट्रपति के आगमन पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की अनुपस्थिति पर भी प्रतिक्रिया मांगी गई है।

## जरूरी खबर

### पंचायत चुनाव में देरी, OBC आरक्षण पर अड़चन

**जयपुर।** राजस्थान में पंचायत चुनाव देरी से होने संभावना है। ओबीसी आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जानकारी दी कि जनगणना के आंकड़े अपूर्ण हैं। 403 पंचायतों में ओबीसी की जनसंख्या शून्य दिखाई गई है, जिससे ओबीसी के लिए सीटों का आरक्षण करना असंभव हो गया है। आयोग का गठन 9 मई, 2025 को हुआ था और इसे 3 माह में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन कार्यकाल दो बार बढ़ चुका है। वर्तमान में आयोग के गठन को 10 माह हो चुके हैं। इसी बीच, राजस्थान हाई कोर्ट ने 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग की रिपोर्ट में देरी और अपूर्ण आंकड़ों के कारण अब चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो रही है।

### चार खिलाड़ी RPS बने, नियुक्ति आदेश जारी

**जयपुर।** गृह विभाग ने खेल कोटे के तहत चार खिलाड़ियों को राजस्थान पुलिस सेवा में नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के विरुद्ध दी गई प्रोविजनल नियुक्ति में क्रिकेटर रवि बिश्नोई, मानिनी कौशिक, दिव्यकृति सिंह और सचिन शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 के तहत नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति खेल पदक विजेताओं को बिना परीक्षा भर्ती नियम, 2017 (संशोधित नियम 2020) के अंतर्गत दी गई। सरकार ने कहा है कि खेल कोटे के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मान और कॅरिअर के अवसर दिए जाएंगे। रवि बिश्नोई और अन्य तीनों खिलाड़ियों ने नियुक्ति मिलने के बाद खुशी व्यक्त की।

### आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य की आबकारी नीति और शराब दुकानों के लाइसेंस से जुड़े मामलों में दायर दर्जनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि आबकारी नीति बनाना और उसमें संशोधन करना राज्य सरकार का नीतिगत अधिकार है। अदालत केवल सीमित परिस्थितियों में ही हस्तक्षेप कर सकती है। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि नई नीति छोटे व्यापारियों और स्थानीय लोगों के हितों के खिलाफ है तथा लाइसेंस आवंटन में पारदर्शिता नहीं है। हालांकि, सरकार ने अदालत को बताया कि नीति सार्वजनिक राजस्व और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार बनाई जाती है और नीलामी व लाइसेंस प्रक्रिया पारदर्शी है। हाई कोर्ट ने कहा कि शराब व्यापार नियंत्रित व्यापार है और सरकार को इसमें विशेष अधिकार प्राप्त हैं।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस...** राज्यभर में कार्यक्रमों की धूम, योजनाओं में महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं

# महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव: राज्यवर्धन

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के सशक्तीकरण, उपलब्धियों और समानता को बढ़ावा देने के लिए सरकारी, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार ने महिलाओं को विशेष सौगात दी, जिसमें राजस्थान रोडवेज की सभी साधारण बसों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए मुफ्त यात्रा सुविधा शामिल रही। जयपुर में ऐतिहासिक स्थलों-हवामहल, आमेर किला, जंतर-मंतर, नाहरगढ़ किला और अल्बर्ट हॉल में महिलाओं के लिए फ्री एंट्री का प्रावधान किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मरक्षा और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ी और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैली। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में आयोजित महिला सम्मान समारोह एवं परिचर्चा कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की नारी सहनशीलता, परिणाम, और क्रांति की जीवंत प्रतीक है।

उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व में विकास की नई दिशा और नए भारत की ताकत पर जोर दिया। उद्योग विभाग ने महिलाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए अतिरिक्त सब्सिडी और अन्य सुविधाएं प्रदान की हैं। महिला दिवस पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की महिला अधिकारियों ने आयोजन की पूरी जिम्मेदारी संभाली। समारोह में रीको एमडी शिवांगी स्वर्णकार, राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, आयुक्त सुरेश ओला, राजस्थली की माया ठाकुर सहित अन्य महिला उद्यमी उपस्थित रहीं। फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन डॉ. रिम्मी शेखावत, सीआईआई इंडियन वुमेन नेटवर्क की चेयरपर्सन श्रद्धा अग्रवाल, आरसीसीआई यंग वुमेन एंटरप्रेन्योर की चेयरपर्सन चांदनी जग्गा और लघु उद्योग भारती की राष्ट्रीय सचिव अंजु सिंह ने भी कार्यक्रम में संबोधन दिया।



*कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में आयोजित महिला सम्मान समारोह एवं परिचर्चा कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ तथा अन्य।*

### महिलाओं की अर्थव्यवस्था में भूमिका

राज्यवर्धन ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। विकसित भारत@2047 के विजन में गांव और कस्बों में महिलाओं की ओर से संचालित छोटे उद्यम महत्वपूर्ण योगदान देंगे। औद्योगिक क्षेत्र में भी महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। मंत्री ने सफल महिला उद्यमियों से अन्य महिलाओं को प्रोत्साहित करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया।

### नारी ही प्रगति की धुरी: पटेल

जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के बिना समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर देने से ही समाज का समग्र विकास संभव है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान को उन्होंने सराहा। जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।





### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुएथाई खेल की खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। एशियाई ओलंपिक यूथ गेम्स में भाग लेने वाले मुदित गुप्ता के प्रदर्शन की सराहना की गई।



### जयपुर एयरपोर्ट पर महिला दिवस उत्सव

जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित महिला दिवस समारोह में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के चेयरमैन विपिन कुमार ने महिला कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान और सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। केक काटकर उत्सव का आनंद लिया गया।

**अस्पष्ट मेडिको-लीगल रिपोर्ट न्याय प्रक्रिया के लिए खतरा**

# राज्य सरकार को HC का आदेश MLR के लिए बनाएं गाइडलाइन

**'संभवतः जानलेवा' जैसी अनुमान आधारित मेडिकल राय नहीं, डॉक्टर दें ठोस वैज्ञानिक मत**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि आपराधिक मामलों में डॉक्टरों की ओर से तैयार की जाने वाली मेडिको-लीगल रिपोर्ट (एमएलआर) यदि अस्पष्ट, अधूरी या केवल अनुमान पर आधारित हो तो इससे न्यायिक प्रक्रिया गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि 'माइट बी डेंजरस' या 'संभवतः जानलेवा' जैसे शब्दों पर आधारित चिकित्सकीय राय को विशेषज्ञ राय नहीं माना जा सकता।

जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली ने एक जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी करते हुए राजस्थान सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए एक समान और स्पष्ट मेडिको-लीगल गाइडलाइन तैयार की जाए, ताकि अदालतों को भविष्य में सटीक, वैज्ञानिक और विश्वसनीय मेडिकल राय प्राप्त हो सके।

हाई कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि यदि चिकित्सकीय राय ठोस वैज्ञानिक आधार पर नहीं होगी तो इससे निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई या अपराधी के बच निकलने की संभावना बढ़ सकती है।

हाई कोर्ट ने कहा कि आपराधिक मामलों में डॉक्टरों की राय कई बार सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य बन जाती है और अदालतें इसे विशेषज्ञ मत मानकर उस पर भरोसा करती हैं।



### जमानत याचिका की सुनवाई में उठे अहम सवाल

यह मामला करौली जिले के श्रीमहावीरजी थाना क्षेत्र में दर्ज एक आपराधिक प्रकरण से जुड़ा है। आरोप था कि आरोपी गौतम ने अमर सिंह पर हमला कर उसे गंभीर चोट पहुंचाई। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने फावड़े से सिर पर वार किया, जबकि जांच के दौरान गवाहों और घायल के बयान में कहा गया कि हमला लाठी से किया गया था। अदालत ने इस विरोधाभास को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि जांच के दौरान हथियार के संबंध में स्पष्टता जरूरी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता स्वप्निल सिंह पटेल ने दलील दी कि अभियोजन की कहानी में कई विरोधाभास हैं और चिकित्सकीय रिपोर्ट भी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि सामान्य टिप्पणी को गंभीर अपराध सिद्ध करने का आधार नहीं बनाया जा सकता।

### मेडिकल रिपोर्ट में पाई गई गंभीर कमियां

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण कमियां सामने आईं। कोर्ट ने पाया कि रिपोर्ट में चोट की लंबाई, चौड़ाई और गहराई का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। चोट किस प्रकार के हथियार से लगी, इसका विवरण नहीं दिया गया। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि चोट सामान्य परिस्थितियों में मृत्यु का कारण बन सकती थी या नहीं। अदालत ने कहा कि ऐसी अधूरी रिपोर्ट न्यायिक प्रक्रिया को भ्रमित कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला

कोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि विशेषज्ञ की रिपोर्ट अधूरी या सतही हो तो उसका विशेष महत्व नहीं रह जाता। विशेषज्ञ राय तभी उपयोगी होती है, जब उसमें तथ्यों का विश्लेषण, वैज्ञानिक आधार और स्पष्ट निष्कर्ष मौजूद हों। हाई कोर्ट ने कहा कि अस्पष्ट मेडिकल रिपोर्ट केवल तकनीकी कमी नहीं है, बल्कि यह संविधान से जुड़े अधिकारों का भी प्रश्न है। अदालत के अनुसार अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया का अधिकार देता है। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता का अधिकार सुनिश्चित करता है। यदि अलग-अलग मामलों में अलग गुणवत्ता की मेडिकल रिपोर्ट तैयार की जाती है तो इससे न्याय में असमानता पैदा हो सकती है।

### राज्य सरकार को मानकीकृत गाइडलाइन बनाने के निर्देश

हाई कोर्ट ने राजस्थान के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राज्य के सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए मानकीकृत मेडिको-लीगल दिशा निर्देश तैयार किए जाएं। इन दिशा-निर्देशों में हर मेडिकल रिपोर्ट में चोट की प्रकृति और प्रकार, शरीर के किस हिस्से पर चोट लगी, चोट का आकार, लंबाई और गहराई, संभावित हथियार या उपकरण, चोट के तत्काल और दीर्घकालिक प्रभाव की जानकारी अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस विभाग को भी दिए कोर्ट ने निर्देश

हाई कोर्ट ने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिया कि जांच अधिकारी डॉक्टरों से प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट को बिना जांचे स्वीकार न करें। पुलिस को यह सुनिश्चित करना होगा कि रिपोर्ट में हर चोट को स्पष्ट रूप से साधारण, गंभीर या जानलेवा श्रेणी में वर्गीकृत किया गया हो। अदालत ने यह भी कहा कि 'माइट बी डेंजरस' या 'संभवतः जानलेवा' जैसे शब्दों का प्रयोग तभी किया जाए जब उसके पीछे स्पष्ट चिकित्सा आधार दिया गया हो। अदालत ने कहा कि यदि कोई डॉक्टर या अधिकारी मेडिको-लीगल रिपोर्ट तैयार करने में लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ प्रशासनिक या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

**भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान शुरू**

## कार्यकर्ताओं को प्रभावी वक्ता बनाने की पहल



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूत विचारधारा से लैस करना और उन्हें प्रभावी वक्ता बनाना है, ताकि वे जनता तक पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आसानी से पहुंचा सकें।

जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत प्रदेश प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 215 वक्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक एवं सांसद वीडी शर्मा, राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रभारी राजकुमार फुलवरिया, प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम, प्रदेश सह संयोजक मनीष पारीक, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा के प्रति समर्पण पर जोर दिया।

**बेधड़क TOON**



-शेखर

## अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग का उद्घाटन




**बेधड़क** | जयपुर

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौरी देवी महाविद्यालय, अलवर में आयोजित 'अस्मिता खेलो इंडिया' महिला एथलेटिक्स लीग व सम्मान समारोह का शुभारम्भ किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

**राजस्थान विधानसभा बजट सत्र: आज होंगे दो अहम विधेयक पेश**

# पंचायत राज संशोधन व आयुर्वेद विवि बिल पर होगी चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को सदन में दो महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे। इनमें राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2026 और राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक, 2026 शामिल हैं। दोनों विधेयकों पर चर्चा के बाद उन्हें पारित कराया जाएगा। विधानसभा का मौजूदा सत्र 10 मार्च तक चलेगा।

9 और 10 मार्च को महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित करने की प्रक्रिया होगी। सत्र के अंतिम दिन 10 मार्च को सदन में नगरपालिका संशोधन विधेयक-2026 और महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय विधेयक-2026 को चर्चा के बाद पारित कराया जाएगा।

इसी दिन शाम 6 बजे विधानसभा में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के दो वर्षों के कार्यकाल पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन राज्यपाल और मुख्यमंत्री की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद डिनर का भी आयोजन रखा गया है।



### ध्यानाकर्षण प्रस्तावों में उठेंगे जनहित के मुद्दे

सदन में सोमवार को कई विधायक नियम-131 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के माध्यम से जनहित के मुद्दे उठाएंगे। केसाराम चौधरी, मारवाड़ जंक्शन (पाली) स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि आवंटन, नए भवन निर्माण की स्वीकृति और रिक्त पदों को भरने के विषय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। शोभारानी कुशवाह धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकियों को शुरू कराने के मुद्दे पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी। समाराम मक्का और बाजरा उत्पादक क्षेत्रों में बीज निगम की ओर से किसानों को निशुल्क बीज वितरण नहीं किए जाने की स्थिति को लेकर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

### नगरीय विकास विभाग की अधिसूचनाएं रखी जाएंगी सदन में

नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा सदन की मेज पर कई महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं और प्रतिवेदन रखेंगे। इनमें प्रमुख रूप से दौसा-बांदीकुई नगर विकास न्यास के लिए मास्टर प्लान-2047 तैयार करने की अधिसूचना, सीकर मास्टर प्लान के नगरीय क्षेत्र में 38 नए राजस्व ग्राम शामिल करने की अधिसूचना, बालोतरा के मण्डापुरा में 3.5021 हेक्टेयर भूमि में वाणिज्यिक योजना विकसित करने की अधिसूचना, फलोदी मास्टर प्लान-2023 की अवधि बढ़ाने की अधिसूचना, भरतपुर में कृषि उपज मंडी के नए यार्ड निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना और प्रतिवेदन रखें जाएंगे।

### सदन में रखे जाएंगे वार्षिक प्रतिवेदन

सदन में दो महत्वपूर्ण वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किए जाएंगे। राजस्थान भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (RERA) का वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा उदयपुर विकास प्राधिकरण का वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन रखे जाएंगे।

**जरूरी खबर**

### ड्रग्स तस्करों पर शिकंजा, चार जने गिरफ्तार

**बेधड़क, जयपुर।** ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गलतागेट, खोह-नागोरियान और चित्रकूट थाना क्षेत्रों में चार जनों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 162.98 ग्राम एमडी, 34.05 ग्राम स्मैक, 9,730 रुपए और बाइक बरामद की गई है। पहली कार्रवाई गलतागेट थाना पुलिस द्वारा की गई। टीम ने एमडी ड्रग्स के साथ विकास और भगत सिंह को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 162.98 ग्राम एमडी और एक बाइक जब्त की गई। दूसरी कार्रवाई खोह-नागोरियान थाना क्षेत्र में की गई। यहां से अजय सिंह मीना को गिरफ्तार किया गया। तीसरी कार्रवाई चित्रकूट थाना क्षेत्र में की गई। यहां मनोहर को गिरफ्तार किया गया।

### JDA ने 20 साल बाद दिलाया भूखंड का कब्जा



**बेधड़क, जयपुर।** जेडीए ने 20 वर्ष से लंबित एक प्रकरण का त्वरित निस्तारण करते हुए आवंटी को उसके भूखंड का भौतिक कब्जा दिलाया है। वर्ष 2006 में आवंटित भूखंड का कब्जा अब जाकर आवंटी को मिल पाया है। यह कार्रवाई जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन में की गई। प्रकरण हरदेवाराम कालेर से संबंधित है। उन्हें वर्ष 2006 में 324 वर्गमीटर का भूखंड संख्या 264 आवंटित किया गया था। वर्ष 2007 में क्षेत्र की री-प्लानिंग के दौरान उन्हें भूखंड संख्या 274 (324 वर्गमीटर) आवंटित करते हुए संशोधित साइट प्लान जारी किया गया।

### कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने निकाला फ्लैग मार्च



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फ्लैग मार्च निकालकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व कानूनों के प्रति जागरूक किया। टीम ने शैक्षणिक संस्थान, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, मॉल्स, पार्क व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्यूटी की। छेड़छाड़, छींटाकशी, पीछा करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मनचलों को विभिन्न थानों में गिरफ्तार करवाया।

### महिला आयोग की अध्यक्ष आज करेंगी जनसुनवाई

**बेधड़क, जयपुर।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग के 'आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सोमवार को जयपुर में महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस जनसुनवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर खुद उपस्थित रहकर महिलाओं की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई करेंगी। जनसुनवाई सुबह 11 बजे से राजस्थान पुलिस अकादमी के बैठक कक्ष में होगी। कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

**राजधानी जयपुर का अधिकतम तापमान पहुंचा 37 डिग्री के पार, कई जिलों में तापमान 40°C के करीब**

# चैत्र में ही गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर... हीटवेव की चेतावनी जारी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने तेज तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कई हिस्सों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा रहा है और कुछ जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। 10 और 11 मार्च को दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव (लू) चलने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च के पहले पखवाड़े में ही इतनी तेजी से तापमान बढ़ना असामान्य स्थिति को दर्शाता है। यदि यही रुख जारी रहा तो अप्रैल-मई में प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ सकती है।

रविवार को राज्य के कई जिलों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया। सबसे अधिक तापमान पिलानी में 40.2C दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 10.8 डिग्री अधिक है। इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान के जिलों में भी तेज गर्मी का असर देखने को मिला। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 37.1C और न्यूनतम तापमान 19.5C दर्ज किया गया। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 15 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जो सामान्य से 2 से 6 डिग्री अधिक है।

**यहां सबसे ज्यादा तापमान**

| जिला | पारा |
|---|---|
| बाड़मेर | 40.0°C, |
| बीकानेर | 39.4°C, |
| जैसलमेर | 39.2°C, |
| चूरू | 39.1°C, |
| जोधपुर | 38.8°C |



#### पश्चिमी राजस्थान में ज्यादा असर

पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में गर्मी का असर सबसे ज्यादा दिखाई दे रहा है। बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर जैसे रेगिस्तानी इलाकों में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं पहाड़ी क्षेत्र माउंट आबू में मौसम अपेक्षाकृत ठंडा बना हुआ है और यहां अधिकतम तापमान लगभग 30°C के आ-पास दर्ज किया गया। हालांकि दिन में गर्मी तेज हो गई है, लेकिन सुबह और देर रात के समय अभी भी हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। सीकर सहित कुछ उत्तरी जिलों में न्यूनतम तापमान 12 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जिससे सुबह-शाम मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार अचानक बढ़ती गर्मी का असर आम लोगों के साथ-साथ किसानों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों पर भी पड़ सकता है। तेज तापमान के कारण फसलों और सब्जियों में हीट स्ट्रेस की स्थिति बन सकती है। इसके अलावा पशुओं और पक्षियों पर भी गर्मी का असर पड़ने की आशंका जताई गई है।

#### एक सप्ताह तक मौसम रहेगा शुष्क

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। अधिकतम तापमान 36 से 40°C के बीच रहने का अनुमान है। अगले 48 घंटों में तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभव है और 3-4 दिनों तक तापमान सामान्य से 5-9 डिग्री अधिक रह सकता है। 10-11 मार्च को कुछ स्थानों पर हीटवेव की स्थिति बन सकती है। 11-12 मार्च को उत्तर-पश्चिम भारत में नया विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

**जयपुर में सड़क हादसों का कहर**

# DJ की धुन चीखों में तब्दील तीन हादसों में एक की मौत

**बस्सी में ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब जाने से बेकाबू हुई कार, डीजे जुलूस में घुसी, 16 घायल**

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी जयपुर और आस-पास के इलाकों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवती की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। बस्सी में डीजे पर नाच रहे लोगों में कार घुसने से 16 लोग घायल हो गए, वहीं विश्वकर्मा इलाके में आरटीओ की गाड़ी की टक्कर से एक युवक गंभीर घायल हो गया। इसके अलावा पावटा क्षेत्र में परीक्षा देने जा रहे चचेरे भाई-बहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बहन की मौत हो गई। बस्सी थाना क्षेत्र के एनडीपीसी मोड़ पर शनिवार रात करीब 9 बजे हादसा हुआ। जमवारामगढ़ निवासी महादेव सैनी अपनी बहन के भात भरने के लिए करीब 50 रिश्तेदारों के साथ बस्सी पहुंचे थे।

डीजे की धुन पर नाचते-गाते भात लेकर मालियों की ढाणी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे अल्टो कार चल रही थी, जिसे महादेव का छोटा भाई चला रहा था। इसी दरम्यान अचानक ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबने से कार बेकाबू हो गई। तेज रफ्तार कार ने डीजे पर नाच रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत बस्सी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें से दो घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। एक महिला के पैर में फ्रैक्चर हुआ है और वह गंभीर है। बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।





### RTO की गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर

इधर, दिल्ली-अजमेर हाईवे पर विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 1 बजे दूसरा हादसा हुआ। आंधी इलाके के ताला गांव निवासी गौतम मीणा (27) बाइक से रोड नंबर-14 से दिल्ली की ओर जा रहा था। बढ़ारना पुलिया के पास वह सेकंड लेन से अचानक फर्स्ट लेन में डिवाइडर की तरफ मुड़ गया। इसी दौरान पीछे से आ रही आरटीओ उड़नदस्ते की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से गौतम उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने आक्रोश में हाईवे पर जाम लगा दिया। आरटीओ टीम ने तुरंत घायल को सीके बिरला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से एसएमएस ट्रोमा सेंटर रेफर कर दिया। परिवहन निरीक्षक सकीला बानो ने घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। विश्वकर्मा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने समझाइश के बाद करीब 15 मिनट में जाम खुलवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक और आरटीओ गाड़ी को थाने में खड़ा कर लिया है।







#### बहन की मौत भाई घायल

प्रागपुरा थाना क्षेत्र में पावटा एमडीआर रोड पर मंजूकोट ललाना के पास परीक्षा देने जा रहे चचेरे भाई-बहनों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में द्वारिकपुरा निवासी ज्योति वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ज्योति का शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रागपुरा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

**BMW कार पलटने से हुआ हादसा**

# उद्योगपति वल्लभ माहेश्वरी का सड़क हादसे में निधन



**बेधड़क | जयपुर**



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार शाम हुए भीषण हादसे में शकुन ग्रुप के प्रबंध निदेशक वल्लभ माहेश्वरी (62) की मौत हो गई। वे जयपुर से अपनी BMW कार से गिरिराजजी, मथुरा स्थित गोवर्धन परिक्रमा के लिए जा रहे थे। हादसा अलवर के रैणी थाना क्षेत्र में चेनेज 136.8 के पास गांव नांगल बास के निकट शाम करीब 4 बजे हुआ। कार अचानक अनियंत्रित हो गई और बैरिकेड्स तोड़ते हुए मीडियन में घुस गई। इसके बाद कार सीमेंट के ब्लॉक को तोड़ते हुए पुलिया की दीवार से टकरा गई और पलट गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चालक को मामूली खरोंच भी नहीं आई, जबकि वल्लभ माहेश्वरी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस ने दोनों को तुरंत रेस्क्यू कर पास के पिनान अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अलवर के हरीश अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात परिजनों ने लिखित सहमति देकर बिना पोस्टमार्टम के शव जयपुर ले जाने की अनुमति ली। वल्लभ माहेश्वरी शकुन ग्रुप की कई कंपनियों में डायरेक्टर थे और जयपुर के विज्ञापन एवं उद्योग जगत में एक जाना-पहचाना नाम था। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। परिवार में कुछ दिन पहले ही बड़ा दुख आया था, जब उनके दोहिते धीर की चाइनीज मांझे की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उद्योगपति वल्लभ माहेश्वरी के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जताया है।

## NTA ने बढ़ाई NEET UG आवेदन की तिथि

**बेधड़क | जयपुर**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने NEET UG 2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 मार्च से बढ़ाकर 11 मार्च 2026 कर दी है। अब अभ्यर्थी 11 मार्च रात 9:00 बजे तक आवेदन फॉर्म भर सकेंगे, जबकि आवेदन शुल्क रात 11:50 बजे तक जमा किया जा सकेगा।

कॅरिअर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि छात्रों की लगातार मांग और वेबसाइट पर आ रही तकनीकी समस्याओं को देखते हुए NTA ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 22 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो पिछले वर्ष 2025 के 22.76 लाख आवेदनों से कुछ कम हैं।

## तीन शातिर नकबजनों से 10 लाख के जेवर बरामद

**बेधड़क | जयपुर**

कानोता थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 लाख के सोने-चांदी के जेवरात और विदेशी करेंसी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय सिंह उर्फ गोपी, अजय गुप्ता और सूरज प्रजापत निवासी जामडोली के रूप में हुई है। डीसीपी ईस्ट संजीव नैन ने बताया कि 13 जनवरी को परिवादी रमेश चंद बैरवा निवासी आशियाना कॉलोनी, लखेसरा रोड अपने घर पर ताला लगाकर ससुराल चले गए थे। अगले दिन पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखा तो घर के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो चुके थे। चोरी गए सामान में सोने की 4 अंगूठियां, 8 चेन, कुंडल, झुमके, बाली, मंगलसूत्र, पायल, चांदी के कड़े-कंगन, सिक्के, बच्चों के आभूषण, गुल्लक में रखे करीब 6 हजार रुपए नकद, दुबई की 700 दिरहम और विभिन्न देशों के 100 से अधिक विदेशी सिक्के शामिल थे।



**87 कॉलोनियों के हजारों लोगों का पैदल मार्च**

# बुलडोजर के डर से सड़कों पर उतरा जनसैलाब

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में रविवार को बुलडोजर चलने की आशंका के खिलाफ 87 कॉलोनियों के हजारों लोग सड़क पर उतर आए। सुबह होते-होते श्योपुर चौराहे पर भीड़ जुट गई। किसी के हाथ में तख्ती थी तो किसी के चेहरे पर घर बचाने की चिंता साफ झलक रही थी। कॉलोनीवासियों ने शांति मार्च निकालकर सरकार से अपने घरों की सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शन में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे शामिल हुए।

कॉलोनीवासियों ने श्योपुर चौराहे से गुलाब विहार होते हुए पिंजरापोल गोशाला तक पैदल मार्च निकाला। रास्ते भर लोगों ने घर बचाने की गुहार लगाई। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया और सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ-हवन भी किया गया। प्रदर्शनकारियों के सड़क पार करने के दौरान कुछ देर के लिए सड़क जाम रही। पुलिस ने समझाइश कर स्थिति नियंत्रित की। इस आंदोलन का कारण फरवरी में आया न्यायालय का आदेश है, जिसमें राजस्थान हाई कोर्ट ने राजस्थान आवासन मंडल को तीन सप्ताह में जमीन खाली कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के बाद हजारों परिवारों में घरों पर बुलडोजर चलने का डर बैठ गया।



फोटो: पंकज शर्मा

#### 30-40 सालों से रह रहे लोग

संघर्ष समिति ने कहा कि सरकार पहले कई कॉलोनियों का नियमन कर चुकी है और अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रघुनंदन सिंह हाड़ा और महासचिव परशुराम चौधरी ने बताया कि कॉलोनियों में लोग 30-40 वर्षों से रह रहे हैं। लोगों ने जीवनभर की कमाई और बैंक से कर्ज लेकर मकान बनाए हैं। सरकार ने बिजली, पानी, सड़क, जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं। स्थानीय लोगों ने कहा, अगर घर टूट गया तो कहां जाएंगे? बुजुर्गों ने कहा कि पूरी जिंदगी की कमाई लगाकर मकान बनाया है।

#### व्यापार मंडल का समर्थन

शांति मार्च को व्यापारियों का भी समर्थन मिला। श्योपुर व्यापार मंडल ने सुबह 10 से 12 बजे तक बाजार बंद रखा और बड़ी संख्या में व्यापारी पैदल मार्च में शामिल हुए। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द समाधान नहीं निकालती है तो आंदोलन और बड़ा किया जाएगा तथा निकाय चुनाव में मतदान बहिष्कार पर भी विचार किया जा सकता है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**बेधड़क | जयपुर**


खोराबिसल थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध देसी कट्टा और 5 कारतूस के साथ एक आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रामकरण मीणा गांव बिलोद, चंदवाजी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान नांगल जैसा बोहरा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति के बाइक सहित घूमने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की पैंट की जेब से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और चार फायर किए हुए खाली कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने कट्टा व कारतूस हरियाणा से खरीदना बताया है।

## जरूरी खबर

### कोटा में कुल्हाड़ी से हमला कर बुजुर्ग की हत्या

**कोटा।** जिले के इटावा थाना क्षेत्र के रामपुरिया गांव में रविवार को एक बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। 62 वर्षीय मोहनलाल नायक हैंडपंप पर पानी पी रहा था, तभी गांव के ही एक व्यक्ति ने उनकी गर्दन और सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल मोहनलाल को उसका पोता अंकुश अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक ओमप्रकाश और थाना अधिकारी अजीत चौधरी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक, एमओबी और डॉग स्क्वायड टीम ने साक्ष्य जुटाए। परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

### अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़, 8500 पौधे जब्त



**भीलवाड़ा।** जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गेहूं की फसल की आड़ में की जा रही अवैध अफीम की खेती का खुलासा किया है। रविवार को सदर डीवाईएसपी प्रोबेशनर आईपीएस माधव उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डेलाना गांव में दबिश देकर करीब 8500 अफीम के पौधे जब्त किए, जिनका कुल वजन 125 किलो 96 ग्राम बताया गया है। कार्रवाई के दौरान खेत के चारों ओर गेहूं की फसल लगी हुई थी, जिसके बीच अफीम के पौधे छिपाकर उगाए गए थे। पुलिस की भनक लगते ही खेत मालिक नारायण लाल जाट मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सायरा में भालू का हमला, तीन दिन में दूसरी वारदात

**उदयपुर।** जिले के सायरा थाना क्षेत्र में जंगली भालुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह भालू के हमले में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। तीन दिन के भीतर भालू के हमले की यह दूसरी घटना है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार करदा क्षेत्र के नोतल की भागल निवासी पेमाराम गमेती रविवार सुबह करीब आठ बजे फसल की रखवाली के लिए खेत जा रहा था। इसी दौरान झाड़ियों से अचानक निकले भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालुओं ने पेमाराम के सिर, चेहरे और पैरों पर गंभीर चोटें पहुंचाईं।

**सैंथल थाना क्षेत्र में बापी गांव के पास नदी किनारे मवेशी चराते समय हुआ हादसा...**

# बाणगंगा नदी बनी काल... 3 मासूमों की मौत, गांव में मातम

बेधड़क | दौसा

जिले के सैंथल थाना क्षेत्र में बापी गांव के पास बाणगंगा नदी में रविवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। नदी में डूबने से भाई-बहन सहित तीन बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चे नदी किनारे मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान बरसाती पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में पैर फिसलने से एक बच्ची गिर गई और उसे बचाने के प्रयास में दो अन्य बच्चे भी पानी में कूद पड़े। गहरा पानी होने के कारण तीनों बाहर नहीं निकल सके और डूब गए।

घटना रविवार दोपहर करीब 2:45 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद गहरे गड्ढे से तीनों बच्चों के शव बाहर निकाले। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।



### जसोता गांव के हैं मृतक

सैंथल थाना प्रभारी रविंद्र चौधरी ने बताया कि मृतकों की पहचान जसोता गांव निवासी पायल जायसवाल (13) पुत्री मुरारीलाल, श्यामसुंदर (15) पुत्र मुरारीलाल और अमित मीणा (11) पुत्र प्रहलाद मीणा के रूप में हुई है। इनमें पायल और श्यामसुंदर सगे भाई-बहन थे। तीनों बच्चे रविवार को मवेशी चराने के लिए बाणगंगा नदी के पास गए थे।

**पैर फिसलने से हुआ हादसा:** जानकारी के अनुसार पायल, श्यामसुंदर, अमित मीणा और कोमल मीणा नदी किनारे मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान पायल का पैर फिसल गया और वह पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर गई। बहन को डूबता देख श्यामसुंदर उसे बचाने के लिए तुरंत पानी में कूद गया। दोनों को संघर्ष करता देख अमित मीणा भी मदद के लिए गड्ढे में उतर गया, लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण तीनों बाहर नहीं निकल सके। तीनों को डूबता देख साथ मौजूद कोमल मीणा घबराकर गांव की ओर मदद के लिए दौड़ पड़ी। वह परिजनों और ग्रामीणों को लेकर मौके पर पहुंचती, उससे पहले ही तीनों बच्चे पानी में डूब चुके थे। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**पिता कर रहा था पास में गेहूं की कटाई:** ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के समय अमित के माता-पिता घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे, जबकि पायल और श्यामसुंदर के परिजन मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे। हादसे की सूचना मिलते ही सभी परिजन मौके पर पहुंचे। बच्चों के शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

**सूचना पर पहुंचे अधिकारी:** सूचना पर तहसीलदार गजानंद मीणा, थाना प्रभारी रविंद्र चौधरी और पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

**ओवरलोड डंपर से कुचलकर वृद्ध की मौत के बाद सड़क मार्ग जाम**

# खेतड़ी में बवाल... ग्रामीणों का पथराव 2 थानाधिकारी सहित 4 पुलिसकर्मी घायल

बेधड़क | झुंझुनूं

खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा गांव में शनिवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद बवाल हो गया। तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मेहाड़ा-निजामपुर सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस पर कुछ युवकों ने पथराव कर दिया, जिसमें दो थानाधिकारी सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने करीब दो दर्जन ग्रामीणों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार मेहाड़ा निवासी धूड़ाराम (70) शनिवार देर रात पैदल अपने घर आ रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना गंभीर था कि धूड़ाराम की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक डंपर को लेकर मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और आक्रोश में मेहाड़ा–निजामपुर मार्ग पर जाम लगा दिया।



घायल पुलिसकर्मी।



मृतक धूड़ाराम।

### पुलिस वाहन को पलटने का प्रयास

सूचना मिलने पर मेहाड़ा थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को खेतड़ी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाने की कार्रवाई की। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सड़क जाम कर दिया। हालात बिगड़ते देख खेतड़ी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। खेतड़ी सर्किल इंस्पेक्टर मोहन पोसवाल भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इसी बीच भीड़ में मौजूद कुछ युवक उग्र हो गए और पुलिस से झड़प के बाद पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुई पत्थरबाजी से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पथराव में मेहाड़ा थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया, खेतड़ी सीआई मोहन पोसवाल और दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। इतना ही नहीं, आक्रोशित लोगों ने पुलिस वाहन को पलटने का भी प्रयास किया, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

### अतिरिक्त पुलिस फोर्स ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलने पर झुंझुनूं पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिड़ावा और बुहाना डीएसपी को मौके पर भेजा। अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को काबू में करने का प्रयास किया गया और ग्रामीणों से बातचीत कर माहौल शांत कराया गया।

### दो दर्जन लोगों को हिरासत में लिया

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब दो दर्जन ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। वहीं फरार डंपर चालक की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस आस-पास के क्षेत्रों में वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

## रणथंभौर में 11 वर्षीय बाघिन टी-94 की मौत, लंग्स फेलियर की आशंका



बेधड़क | सवाई माधोपुर

रणथंभौर टाइगर रिजर्व से रविवार को दुखद खबर सामने आई, जहां खंडार रेंज में विचरण करने वाली बाघिन टी-94 मृत अवस्था में मिली। इस घटना से वन विभाग के अधिकारियों और वन्यजीव प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जांच में बाघिन की मौत लंग्स फेलियर से होने की आशंका जताई गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह वन विभाग की टीम नियमित गश्त पर निकली हुई थी। इसी दौरान खंडार रेंज के घोड़ा घाटी क्षेत्र के नीचे जंगल में वनकर्मियों को बाघिन टी-94 मृत अवस्था में पड़ी मिली। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही रणथंभौर वन प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाघिन के शव को कब्जे में लेकर राजबाग वन चौकी लाया गया।

### पोस्टमार्टम के बाद किया अंतिम संस्कार

वेटरनरी बोर्ड की टीम ने बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की गाइडलाइन के अनुसार वन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में बाघिन के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पशु चिकित्सक डॉ. सीपी मीणा के अनुसार प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत का कारण लंग्स फेलियर प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि बाघिन के लंग्स और लिवर सहित शरीर के कई अंग काफी खराब स्थिति में पाए गए हैं, जिससे प्राकृतिक मौत की संभावना जताई जा रही है। हालांकि पोस्टमार्टम के दौरान कुछ सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। रणथंभौर के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बाघिन टी-94 की उम्र करीब साढ़े 10 से 11 वर्ष के बीच थी। उसका विचरण क्षेत्र खंडार रेंज के ओंदी खोह, मूड घुसा, इंडाला, खटोला, कासेरा, बालाजी, घोड़ा घाटी, विंध्यकड़ा और फरिया सहित आस-पास के वन क्षेत्र थे।

## पर्यटन नीति और ट्रैवल मार्ट पर मंथन

- होटल फेडरेशन व भरतपुर होटल एसोसिएशन की बैठक
- पर्यटन विकास और लाइसेंस सरलीकरण पर चर्चा

बेधड़क | भरतपुर

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान और भरतपुर होटल एसोसिएशन की संयुक्त बैठक भरतपुर स्थित होटल उदय विलास पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन नीति 2026, होटल व्यवसाय से जुड़े विभिन्न लाइसेंसों के सरलीकरण तथा भरतपुर में ट्रैवल मार्ट आयोजित किए जाने सहित पर्यटन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने पर्यटन नीति 2026 के तहत होटल और पर्यटन क्षेत्र को मिलने वाले संभावित लाभों की जानकारी दी। फेडरेशन के सचिव रणविजय सिंह ने होटल व्यवसाय से जुड़े विभिन्न लाइसेंसों की प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाइसेंस प्रक्रिया आसान होने से नए निवेशकों को प्रोत्साहन मिलेगा और पर्यटन उद्योग का विस्तार होगा।

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के भरतपुर संभाग अध्यक्ष अनुपम सिंह ने कहा कि भरतपुर डिवीजन के प्रमुख पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए ट्रैवल मार्ट का आयोजन बेहद उपयोगी रहेगा।

### ये भी रहे मौजूद

बैठक में फेडरेशन के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया और सहसचिव कृष्ण अवतार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पर्यटन विकास और होटल उद्योग से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए।

**डबल धमाका: सिविल सेवा कबड्डी में जयपुर का स्वर्णिम जलवा**

# जयपुर को मिला डबल गोल्ड

बेधड़क | उदयपुर

12वीं राजस्थान राज्य अंतर-संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में कबड्डी के मैदान पर जयपुर मुख्यालय की पुरुष और महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल गोल्ड जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में जयपुर की टीमों ने दमदार खेल, सशक्त रक्षा और बेहतरीन तालमेल के साथ पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा।

उदयपुर में 5 से 7 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न संभागों और जयपुर मुख्यालय की कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। कबड्डी मुकाबले महाराणा भूपाल स्टेडियम में पहली बार प्रोफेशनल मैट पर खेले गए, जिससे खेल और भी रोमांचक हो गया। जयपुर मुख्यालय की पुरुष टीम ने डिप्टी सेक्रेटरी सुशील माथुर की कप्तानी में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने आक्रामक रेड, मजबूत डिफेंस और सटीक रणनीति के दम पर फाइनल मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



वहीं जयपुर मुख्यालय की महिला कबड्डी टीम ने भी पूरे टूर्नामेंट में शानदार तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक हासिल किया।

जिला प्रशासन उदयपुर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन 7 मार्च को हुआ। समापन समारोह में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर नमित मेहता, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सी.आर. देवासी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**स्पीकर देवनानी ने किया शुभारंभ, 12 करोड़ से होंगे प्रवेश द्वार सहित के विकास कार्य**

# जयपुर रोड का बदलेगा स्वरूप... 9 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

बेधड़क | अजमेर

शहर को अधिक आकर्षक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर की जयपुर रोड पर होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना पर करीब 9 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि 3 करोड़ रुपए की लागत से भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 12 करोड़ रुपए की लागत से यह विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत जयपुर रोड को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत सड़क के मध्य में आकर्षक डिवाइडर बनाए जाएंगे तथा मार्ग पर 18 पारंपरिक शैली की छतरियां और 10 आकर्षक फव्वारे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही सड़क के विभिन्न हिस्सों में लाइटिंग, हरियाली और अन्य सौंदर्यीकरण के कार्य भी किए जाएंगे, जिससे यह मार्ग शहर का प्रमुख आकर्षण बनेगा।



अजमेर में सौंदर्यीकरण के कार्यों का शुभारंभ करते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व अन्य।

### परियोजना की मुख्य बातें

- **कुल लागत:** 12 करोड़
- **सौंदर्यीकरण कार्य:** 9 करोड़
- **प्रवेश द्वार निर्माण:** 3 करोड़
- **मुख्य विशेषताएं:** 18 छतरियां, 10 फव्वारे, आकर्षक डिवाइडर
- **उद्देश्य:** शहर के प्रमुख मार्ग को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना
- **अन्य योजनाएं:** तारागढ़ पर्यटन विकास, लेपर्ड सफारी, साइंस पार्क, आईटी पार्क परियोजनाएं

### अजमेर स्मार्ट शहर की दिशा में बढ़ेगा आगे

कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जयपुर रोड अजमेर का प्रमुख प्रवेश मार्ग है, इसलिए इसे सुन्दर और व्यवस्थित बनाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 3 करोड़ रुपए की लागत से यहां भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी किया जा रहा है। इन दोनों कार्यों के पूरा होने से शहर की सुंदरता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और अजमेर स्मार्ट शहर की दिशा में और आगे बढ़ेगा।

### लेपर्ड सफारी जैसी योजनाओं पर होगा कार्य

देवनानी ने कहा कि राज्य बजट में तारागढ़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही अजमेर में लेपर्ड सफारी, साइंस पार्क और आईटी पार्क जैसी परियोजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। शहर में विभिन्न सड़कों और नालों के निर्माण कार्य चल रहे हैं तथा चिकित्सा सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अजमेर को श्रेष्ठ, सुंदर और स्वच्छ शहर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

### स्थानीय लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर अजमेर के विभिन्न चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, अरविंद यादव सहित पार्टी पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### गौरांग महाप्रभु के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा और नगर संकीर्तन

# हरे कृष्ण महामंत्र की गूंज, श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण भजनों पर किया नृत्य

**बेधड़क** | जयपुर

गौरांग महाप्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष में जयपुर के आराध्यदेव गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण से रविवार शाम को विशाल शोभायात्रा और नगर संकीर्तन निकाला गया। शोभायात्रा के दौरान रथों में षड्भुज महाप्रभु, गौरांग महाप्रभु-नित्यानंद महाप्रभु और गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित गौरांग महाप्रभु मंदिर में विराजमान चित्र रखे गए थे। गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने महाप्रभु के चित्र की आरती उतारकर शोभायात्रा को रवाना किया।

शोभायात्रा में गोपीनाथ मंदिर, विनोद लालजी, राधा दामोदर, मदन गोपाल मंदिर के भक्तजन शामिल हुए। महिला श्रद्धालु राधा-कृष्ण भजनों पर नृत्य करती रहीं। मंडली ने गौरांग महाप्रभु की लीलाओं से जुड़ी झांकियों से उनके जीवन चरित्र का परिचय लोगों को कराया। मृदंग और मंजीरे की धुनों पर मंडली हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए चल रही थी।


गौरांग महाप्रभु की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो: पंकज शर्मा

बैंड और घोड़े के लवाजमों के साथ शोभायात्रा गोविंद देवजी मंदिर से रवाना होकर हवा महल, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार और गोपालजी का रास्ता होते हुए राधा दामोदर मंदिर पहुंची। वहां एक घंटे तक संकीर्तन हुआ।

गौरांग महाप्रभु वैष्णव धर्म के भक्ति योग के प्रमुख प्रचारक और भक्ति काल के प्रसिद्ध कवि माने जाते हैं। उन्होंने वैष्णव संप्रदाय की आधारशिला रखी और वृंदावन के पुनर्विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंडोर से आए प्रियसनदास महाराज और उनकी मंडली ने भी गौरांग महाप्रभु मंदिर में हरि संकीर्तन किया और जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाई। राधा दामोदर मंदिर के महंत मलय गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में ठाकुरजी षड्भुज स्वरूप में विराजमान हैं और यह विग्रह पूरे विश्व में कहीं पर भी नहीं है। ठाकुरजी की इस प्रतिमा में भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराम और महापुरुष संन्यासी तीनों के दर्शन होते हैं। इस दौरान पूरे शहर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

### भजन सुनाते हुए मैथिली हुई भावुक



जयपुर के आराध्यदेव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को देश की सबसे युवा विधायक मैथिली ठाकुर ने भगवान के दर्शन किए। भगवान को भजन सुनाते हुए मैथिली ठाकुर भावुक हो गईं और उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली। मैथिली ने कहा कि मंदिर पहुंचने पर वहां का वातावरण, भक्तों के भजन, घंटियों और तालियों की गूंज ने मन को इतना छू लिया कि वह खुद को संभाल नहीं पाईं। मंदिर की तरफ से मैथिली ठाकुर को माला पहनाकर प्रसाद भेंट किया गया।

### रंग पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया

# गुलाल उड़ाकर देवी-देवताओं के साथ खेली प्रतीकात्मक होली

**बेधड़क** | जयपुर

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि पर रविवार को जयपुर में रंग पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के कई मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में रंग और गुलाल के साथ धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुबह से ही छोटी काशी कहे जाने वाले जयपुर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की पूजा कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने गुलाल उड़ाकर देवी-देवताओं के साथ प्रतीकात्मक होली खेली।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि रंग पंचमी को देव पंचमी भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता पृथ्वी पर आकर भक्तों के साथ होली खेलते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी और गोपियों के साथ होली खेली थी। उनकी इस दिव्य लीला को देखकर देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा की थी। तभी से रंग पंचमी का पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस दिन श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहने और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद घरों और मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की विधिपूर्वक पूजा की गई।


गोपीनाथजी मंदिर।

### ॐ श्रीकृष्णाय नमः मंत्र का किया जाप

मिश्रा ने बताया कि भक्तों ने गंगाजल, दीपक, अगरबत्ती, चंदन, हल्दी-कुमकुम, मिष्ठान और पंचामृत से भगवान की पूजा की। साथ ही ॐ श्रीकृष्णाय नमः मंत्र का जाप और आरती भी की गई। पूजा के अंत में खीर, फल और पंचामृत का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। मंदिरों में भक्तों ने श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन किए और रंगों के इस पर्व को खुशी के साथ मनाया।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2082 • हिजरी संवत: 1447 • ऋतु: बसंत ऋतु
- संवत्सर का नाम: सिद्धार्थ • मास: चैत्र • पक्ष: कृष्ण पक्ष
- शाके संवत: 1947 • अयन: सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

**सोमवार, 09 मार्च, 2026**

**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज अमृत का चौघड़िया सुबह 06.38 से 08.06 बजे तक है। इसके बाद शुभ का सुबह 09.35 से 11.03 बजे तक, चर-लाभ का दोपहर 02.00 से 04.57 बजे तक रहेगा। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज दोपहर 12.08 से 12.55 बजे तक है।

**तिथि:** षष्ठी तिथि रात 11.28 बजे तक रहेगी, इसके बाद में सप्तमी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** पूर्व दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज तुला में सुबह 09.30 बजे तक, फिर वृश्चिक राशि में रहेगा।

**राहु काल:** आज सुबह 07.30 से 09.00 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** विशाखा शाम 04.12 बजे तक, फिर अनुराधा नक्षत्र रहेगा।

**योग:** व्याघात सुबह 07.36 बजे तक, इसके बाद में हर्षण योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

भद्रा रात 11.23 बजे से अगले दिन दोपहर 12. 41 बजे तक स्वर्ग लोक की शुभ, श्री एकनाथ षष्ठी, श्री वन चंद्र जयंती।

-पं. अवधेश शर्मा

### गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धा के साथ हुआ गणगौर पूजन

# महिलाओं ने भगवान से की अखंड सौभाग्य और समृद्धि की कामना

**बेधड़क** | जयपुर

सोलह दिन तक चलने वाले गणगौर उत्सव के छठे दिन रविवार को गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर पूजन किया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज की उपस्थिति में एक हजार से अधिक महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। इस अवसर पर सजी-धजी महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधान और आभूषण पहनकर मंदिर पहुंचीं। महिलाओं ने माता पार्वती के रूप गणगौर और भगवान शिव के रूप ईसर का पारंपरिक लोकगीत गाते हुए समूह में भक्ति भाव से पूजा की। पूजन के दौरान महिलाओं ने गणगौर माता को होली का तिलक लगाया और काजल, मेहंदी सहित सुहाग की सामग्री अर्पित की।


गायत्री महायज्ञ में आहुति देतीं महिलाएं।

### पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ में वेदमाता गायत्री, राधा-गोविंद देव, युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माताजी भगवती देवी शर्मा का विधिवत पूजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य और डॉ. अजय भारद्वाज ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ कराया। उन्होंने सुखी दाम्पत्य जीवन के बारे में भी महत्वपूर्ण बातें बताईं। यज्ञ में दस पारियों में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार और समाज के मंगल की कामना की। कार्यक्रम में पहली बार गणगौर पूजन कर रही नवविवाहित महिलाओं को गायत्री परिवार की ओर से सुहाग की सामग्री भी भेंट की गई। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। गणगौर पूजन में शामिल महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर गायत्री चेतना केंद्र जनता कॉलोनी की ओर से धार्मिक साहित्य की स्टॉल भी लगाई गई।

# करुणा-मातृत्व भाव महिला की पहचान



**बेधड़क** | जयपुर

आचार्य विभव सागर मुनिराज की शिष्या आर्यिका अर्हम माताजी का रविवार सुबह वरुण पथ से जनकपुरी स्थित ज्योति नगर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। रास्ते में श्रावकों ने आरती और पाद प्रक्षालन किया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ माताजी और संघ का मंदिर में स्वागत किया। मंदिर में आयोजित धर्मसभा में आर्यिका माताजी ने श्रद्धालुओं को आचार्य कुंदकुंद की गाथा सुनाई। उन्होंने कहा कि क्रोध और कलह के साथ भोजन करने वाला व्यक्ति सही आचरण नहीं कर सकता। इसलिए मनुष्य को कलह या भोजन में से एक को त्यागना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर माताजी ने कहा कि करुणा और मातृत्व भाव महिला की पहली पहचान है। महिलाओं के अंदर स्वाभाविक रूप से प्रेम, सहनशीलता और सेवा का भाव होता है, जो परिवार और समाज को मजबूत बनाता है। धर्म सभा में मंदिर प्रबंध समिति, महिला मंडल और समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संघ के प्रवास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे प्रवचन, दोपहर 3.30 बजे स्वाध्याय और शाम 6.45 बजे आरती तथा गुरु भक्ति जैसे धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर माताजी से आशीर्वाद लिया।

## शहर में आज

- आदर्श नगर स्थित भाटिया भवन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 4 बजे।
- मावठा आमेर में नई बोटिंग सेवा का शुभारंभ सुबह 10 बजे।
- जवाहर कला केन्द्र में वसुधा महिला दिवस समारोह में कथक नृत्य संध्या, शाम 6 बजे।

### 108 दंपतियों के संग यज्ञ पूर्णाहुति

**बेधड़क, जयपुर।** रामानंद संप्रदाय की प्रधान पीठ कीलजी की ओर से पवित्र तीर्थ गलता में यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। महंत हरिरामदास वेदांती की उपस्थिति में 108 यजमान दंपतियों ने परंपरानुसार यज्ञ में भाग लिया और पवित्र स्नान किया। पूर्णाहुति के बाद सभी संत, महंत और यजमानों ने गलता कुंड में स्नान कर धर्म और परंपरा का संदेश दिया। मंदिरों में विशेष आरती और दर्शन का आयोजन हुआ।

# अग्रवाल समाज की 20 टिकटों की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

महाराजा अग्रसेन प्रादेशिक महासभा की ओर से आगामी नगर निगम चुनाव में अग्रवाल समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि रहीं।

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने राजनीतिक दलों से जयपुर नगर निगम चुनाव में अग्रवाल समाज को कम से कम 20 टिकट देने की मांग की।




प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने कहा कि जयपुर में अग्रवाल समाज की बड़ी संख्या है और समाज के लोग व्यापार, उद्योग और सामाजिक सेवा में लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद राजनीति में समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता। चेयरमैन नथमल बंसल ने कहा कि समाज के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसेवा के कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। ऐसे में नगर निगम चुनाव में समाज के योग्य लोगों को मौका मिलना चाहिए।

# शिविर में 500 महिलाओं का परीक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समग्र सेवा मिशन और गायत्री शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में झालाना ग्राम, मालवीय नगर में निशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

समग्र सेवा मिशन के संस्थापक एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा व गायत्री शिक्षा समिति के सचिव रामनारायण कुवाल ने बताया कि राजस्थान हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने महिलाओं और किशोरियों की बीपी, शुगर तथा हीमोग्लोबिन की जांच कर निशुल्क दवाइयां दीं। चिकित्सकों ने महिलाओं से संबंधित विभिन्न रोगों से बचाव के लिए परामर्श भी दिया। सिद्धांत शर्मा ने कहा कि यदि महिलाएं स्वस्थ हैं तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। इस दौरान 500 महिलाओं ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।



# भगवान का स्मरण और सत्संग मोक्ष की कुंजी: गौतम महाराज



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर स्थित जनसमस्या निवारण मंच, मारूति नगर, दादी का फाटक क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वृंदावन के केशी घाट से पधारे कथावाचक आचार्य आकाश गौतम महाराज ने महर्षि शुकदेव के जीवन प्रसंग का भी वर्णन किया और बताया कि कैसे उन्होंने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर मोक्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने जीवन में भगवान के स्मरण और सत्संग को मोक्ष की कुंजी बताया। कथा में आचार्य ने भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी अमर कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने अमरनाथ की गुफा में माता पार्वती को शिव की ओर से अमरत्व का रहस्य सुनाने की घटना सुनाई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा में महाभारत का एक मार्मिक प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें पांडवों के पुत्रों के सिर काटे जाने की घटना और धर्म-अधर्म के परिणामों की शिक्षा दी गई।

### बच्चों के संस्कार की पहली गुरु मां, छोटी उम्र से ही सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना जरूरी

# माताएं हनुमान चालीसा से बच्चों को पढ़ा रहीं आस्था का पाठ

**बेधड़क** | जयपुर

बदलते समय और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के बीच भी कई घरों में धार्मिक संस्कारों की परंपरा आज भी मां के माध्यम से ही आगे बढ़ रही है। शहर में चल रहे 'हर घर में हो अर्थ सहित हनुमान चालीसा' अभियान में यह बात सामने आई कि बच्चों को हनुमान चालीसा पढ़ाने और उसके भाव समझाने में सबसे बड़ी भूमिका घर की महिलाओं की ही है।

अभियान से जुड़े आयोजनों में शामिल कई परिवारों ने बताया कि घर में पूजा-पाठ का माहौल बनाने और बच्चों को धार्मिक ग्रंथों से जोड़ने का काम प्रायः मां ही करती है। कई माताएं अपने बच्चों को रोज सुबह या शाम हनुमान चालीसा की चौपाइयां पढ़ना सिखा रही हैं। इसके साथ ही वे चौपाइयों का अर्थ भी समझाती हैं, ताकि बच्चे केवल पाठ ही नहीं बल्कि उसका भाव भी समझ सकें। मानसरोवर क्षेत्र में गोल्यावास स्थित बुरजाली नीमड़ी बालाजी महाराज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कुछ महिलाओं ने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना जरूरी है। जब बच्चे घर में ही हनुमान चालीसा का पाठ सुनते और सीखते हैं तो उनमें अनुशासन, आस्था और सकारात्मक सोच का विकास होता है।




### बुद्धि-ज्ञान के लिए

*बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन कुमार।*

*बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेश विकार॥*

अर्थ: हे पवनसुत हनुमान! मैं अपनी बुद्धि की कमी जानता हूं। मुझे बल, बुद्धि और विद्या प्रदान करें और मेरे दुख-दर्द को दूर करें।

### आत्मविश्वास और शक्ति के लिए

*रामदूत अतुलित बल धामा।*

*अंजनि पुत्र पवनसुत नामा॥*

अर्थ: आप राम के दूत हैं और अनंत शक्ति के स्वामी हैं। आप अंजनी के पुत्र और पवन के सुत हैं।

### संस्कारों और परंपराओं से जुड़ेगी नई पीढ़ी

अभियान से जुड़े श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज ने कहा कि बच्चों को संस्कार देने में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, और इसमें मां का स्थान विशेष है। यदि मां बच्चों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों से परिचित कराए तो आने वाली पीढ़ी अपने संस्कारों और परंपराओं से जुड़ी रह सकती है। इसी उद्देश्य से हर घर में हो अर्थ सहित हनुमान चालीसा अभियान के तहत लोगों को ऐसी पुस्तकें वितरित की जा रही हैं, जिनमें हनुमान चालीसा की चौपाइयों के साथ उनका सरल अर्थ भी दिया गया है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बढ़ी चिंता

# पश्चिम एशिया के युद्ध का निर्णायक मोड़, तेहरान के सामने कठिन विकल्प



कर्नल देव आनंद लोहामरोड़
सुरक्षा विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक राजनीति के केंद्र में आ गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त सैन्य हमलों ने पूरे क्षेत्र में युद्ध की आशंका को तेज कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य टकराव नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु राजनीति और वैश्विक शक्ति संतुलन से जुड़ा हुआ एक बड़ा भू-राजनीतिक संकट बन चुका है। यदि इस संघर्ष को केवल इजराइल-ईरान टकराव के रूप में देखा जाए तो यह अधूरा विश्लेषण होगा, क्योंकि इसके पीछे पश्चिम एशिया की बदलती रणनीतिक संरचना और वैश्विक शक्तियों की प्रतिस्पर्धा भी छिपी हुई है।

इसी बीच युद्ध के दौरान अमेरिका की ओर से अत्यंत कठोर राजनीतिक संदेश भी सामने आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में ईरान के सामने केवल एक ही विकल्प बचा है, बिना शर्त आत्मसमर्पण। दूसरी ओर ईरान ने उन कुछ अरब देशों से क्षमा भी मांगी है, जिनकी दिशा में या जिनके वायु क्षेत्र के आसपास अमेरिकी और इजराइली ठिकानों को लक्ष्य बनाते हुए ईरान की मिसाइल और मानवरहित विमानों की गतिविधियां हुई थीं। यह घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय स्तर पर बढ़ते दबाव को तेहरान स्वयं महसूस कर रहा है।

> “सैन्य स्तर पर भी स्थिति ईरान के लिए अत्यंत कठिन होती जा रही है। अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान की वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल अड्डों और अनेक सामरिक ठिकानों को भारी क्षति पहुंची है, जबकि लगातार चल रहे हवाई अभियानों के बाद अब दोनों देशों ने ईरान के ऊपर लगभग पूर्ण वायु प्रभुत्व स्थापित कर लिया है। इसी अभियान के दौरान ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना को भी गंभीर आघात पहुंचा है और उसके अनेक समुद्री युद्धपोतों तथा नौसैनिक मंचों को नष्ट कर दिया गया है।”

सैन्य स्तर पर भी स्थिति ईरान के लिए अत्यंत कठिन होती जा रही है। अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान की वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल अड्डों और अनेक सामरिक ठिकानों को भारी क्षति पहुंची है, जबकि लगातार चल रहे हवाई अभियानों के बाद अब दोनों देशों ने ईरान के ऊपर लगभग पूर्ण वायु प्रभुत्व स्थापित कर लिया है। इसी अभियान के दौरान ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना को भी गंभीर आघात पहुंचा है और उसके अनेक समुद्री युद्धपोतों तथा नौसैनिक मंचों को नष्ट कर दिया गया है, जिससे उसकी समुद्री सैन्य क्षमता लगभग निष्क्रिय स्थिति में पहुंचती दिखाई दे रही है। सुप्रीम लीडर के मारे जाने के बाद नेतृत्व की अगली पंक्ति पर हुए हमले, परमाणु प्रतिष्ठानों और मिसाइल ठिकानों को पहुंची भारी क्षति तथा कमान और नियंत्रण व्यवस्था पर पड़े दबाव ने ईरान की सामरिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है। इन घटनाओं ने यह संकेत भी दिया है कि युद्ध का संतुलन तेजी से अमेरिका-इजराइल गठबंधन के पक्ष में झुकता दिखाई दे रहा है और तेहरान पर सैन्य तथा कूटनीतिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।



*सैन्य अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 को हुई, जब अमेरिका और इजराइल ने समन्वित तरीके से ईरान के अनेक सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले प्रारंभ किए। अमेरिका ने अपने सैन्य अभियान को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया, जबकि इजराइल ने इसी अभियान को ऑपरेशन रोअरिंग लायन कहा। इन हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कमजोर करना और उसकी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को सीमित करना बताया गया। पहले चरण में इजराइल के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों से दागी गई क्रूज मिसाइलों ने ईरान के अनेक रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया।*

इस सैन्य अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 को हुई, जब अमेरिका और इजराइल ने समन्वित तरीके से ईरान के अनेक सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले प्रारंभ किए। अमेरिका ने अपने सैन्य अभियान को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया, जबकि इजराइल ने इसी अभियान को ऑपरेशन रोअरिंग लायन कहा। इन हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कमजोर करना और उसकी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को सीमित करना बताया गया। पहले चरण में इजराइल के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों से दागी गई क्रूज मिसाइलों ने ईरान के अनेक रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया।

हमले मुख्य रूप से तेहरान, इस्फहान, केरमानशाह और नतान्ज जैसे क्षेत्रों में स्थित सैन्य अड्डों और परमाणु अनुसंधान केंद्रों पर केंद्रित रहे। इन हमलों में अत्याधुनिक हथियारों का उपयोग किया गया, जिनमें एफ-35 और एफ-16 लड़ाकू विमान, टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें, सटीक निर्देशित बम तथा लंबी दूरी के मानवरहित विमान शामिल थे। इस अभियान की रणनीति स्पष्ट थी, पहले ईरान की वायु रक्षा प्रणाली को कमजोर करना और उसके बाद मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों तथा कमान एवं नियंत्रण केंद्रों को लक्ष्य बनाना।

आज यह संघर्ष अपने शुरुआती चरण से आगे बढ़ चुका है और दोनों पक्षों के बीच सैन्य कार्रवाई जारी है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया को दो स्पष्ट गुटों में विभाजित कर दिया है। एक ओर अमेरिका और इजराइल हैं, जिन्हें अनेक पश्चिमी देशों और कुछ खाड़ी देशों का सहयोग प्राप्त है। दूसरी ओर ईरान है, जिसके साथ क्षेत्रीय स्तर पर हिज्बुल्लाह, इराक की शिया मिलिशिया और यमन के हूती विद्रोही खड़े दिखाई देते हैं।

प्रारंभिक आकलनों के अनुसार इन हमलों से ईरान को भारी सैन्य नुकसान हुआ है। अनेक मिसाइल प्रक्षेपण स्थल और सैन्य अड्डे नष्ट हो चुके हैं, जबकि परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कुछ प्रतिष्ठानों को भी गंभीर क्षति पहुंची है। हालांकि ईरान ने दावा किया है कि उसकी सैन्य क्षमता पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है और वह जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम है। इसी के तहत ईरान ने इजराइल की दिशा में बैलिस्टिक मिसाइलें और मानवरहित विमान प्रक्षेपित किए हैं। इसके अतिरिक्त खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को भी लक्ष्य बनाने का प्रयास किया गया। बहरीन में अमेरिकी नौसैनिक अड्डे, कतर के अल-उदीद वायु अड्डे तथा सऊदी अरब के कुछ ऊर्जा प्रतिष्ठानों की दिशा में मिसाइलें दागे जाने की खबरें सामने आई हैं। अनेक मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बीच में ही निष्क्रिय कर दिया गया, लेकिन इससे क्षेत्रीय तनाव और अधिक बढ़ गया है।

इस संघर्ष का प्रभाव केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका सबसे बड़ा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ा है। खाड़ी क्षेत्र विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों का केंद्र है और यहां किसी भी प्रकार का संघर्ष तेल की कीमतों को प्रभावित करता है। विशेष रूप से हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। यह समुद्री मार्ग विश्व के लगभग एक-तिहाई तेल व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

इसके अतिरिक्त यह संघर्ष मध्य-पूर्व में व्यापक युद्ध का रूप भी ले सकता है। लेबनान, इराक और सीरिया पहले से ही अस्थिर हैं और यदि ये क्षेत्र पूरी तरह इस संघर्ष में शामिल हो जाते हैं तो पूरा पश्चिम एशिया एक बड़े युद्ध क्षेत्र में बदल सकता है। यही कारण है कि अनेक अंतरराष्ट्रीय शक्तियां इस संघर्ष को सीमित रखने की अपील कर रही हैं। भारत के लिए यह स्थिति एक जटिल रणनीतिक चुनौती है। भारत के इजराइल और अमेरिका दोनों के साथ मजबूत रक्षा और तकनीकी संबंध हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान भारत की ऊर्जा सुरक्षा और मध्य एशिया तक पहुंच के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है। इसलिए भारत की विदेश नीति इस समय संतुलन बनाए रखने पर केंद्रित है। भारत ने अब तक किसी भी पक्ष का खुला समर्थन नहीं किया है और कूटनीतिक समाधान तथा संवाद की आवश्यकता पर बल दिया है।

ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह संघर्ष भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत का एक बड़ा हिस्सा तेल खाड़ी क्षेत्र से आयात करता है। यदि यह युद्ध लंबा चलता है तो तेल की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति बाधित होने की संभावना भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। अंततः यह स्पष्ट है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा। इसका प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सुरक्षा व्यवस्था पर भी पड़ेगा। आने वाले दिनों में यह तय होगा कि यह संघर्ष सीमित सैन्य कार्रवाई तक ही रहेगा या पश्चिम एशिया को लंबे समय तक अस्थिर करने वाला व्यापक युद्ध बन जाएगा। भारत के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि वह अपनी कूटनीतिक संतुलन नीति को बनाए रखते हुए क्षेत्रीय स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा दोनों की रक्षा करे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## सामयिक...

# सजा की जगह जुर्माना: प्रशासनिक सुधार की नई पहल



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राजस्थान सरकार ने ‘जन विश्वास’ से जुड़े प्रावधानों में संशोधन करते हुए 11 अधिनियमों में जेल की सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रावधान लागू किया है। इसे प्रशासनिक और न्यायिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दरअसल, यह पहल उस व्यापक सोच का हिस्सा है, जिसके तहत केंद्र सरकार भी 300 से अधिक कानूनों में संशोधन कर छोटे-मोटे अपराधों को गैर-अपराध की श्रेणी में लाने की दिशा में प्रयास कर रही है। सरकार इस निर्णय को ‘ईज ऑफ लिविंग’ और ‘ईज ऑफ डूइंग बिजनेस’ से जोड़कर देख रही है, लेकिन व्यापक दृष्टि से यह कदम न्यायालयों में बढ़ते मुकदमों के बोझ और छोटे-छोटे मामलों में वर्षों तक न्याय के इंतजार की समस्या को ध्यान में रखते हुए उठाया गया व्यावहारिक निर्णय भी है। अक्सर सामान्य प्रशासनिक या प्रक्रियात्मक त्रुटियों के कारण लोगों को लंबी कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर वन क्षेत्र में अनजाने में मवेशियों का प्रवेश, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का तय समय से अधिक देर तक खुला रहना, दस्तावेज प्रस्तुत करने में देरी, बिना लाइसेंस के भंडारण या अन्य प्रक्रियात्मक चूक जैसे मामलों में पहले जेल की सजा का प्रावधान था। अब इन मामलों में जेल के स्थान पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल त्वरित कार्रवाई संभव होगी, बल्कि राजकोष को भी तत्काल राजस्व प्राप्त हो सकेगा। इस बदलाव का एक बड़ा लाभ यह भी होगा कि लोगों को ऐसे मामलों में जेल जाने या जमानत मिलने तक बंद रहने जैसी स्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही न्यायालयों में मुकदमों का दबाव भी कुछ हद तक कम होगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत संभव है। राजस्थान विधानसभा में जिन कानूनों में संशोधन किया गया है, उनमें राजस्थान वन अधिनियम 1953, राजस्थान टेनेंसी अधिनियम 1955, राजस्थान वेयरहाउस अधिनियम 1958, राजस्थान सहायता उद्योग अधिनियम 1961, राजस्थान विद्युत शुल्क अधिनियम 1961, राजस्थान साहूकार अधिनियम 1963, राजस्थान गैरसरकारी शैक्षिक अधिनियम 1989, राजस्थान स्टाम्प अधिनियम 1998, राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 और राजस्थान जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 2018 जैसे प्रमुख कानून शामिल हैं। न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति भी चिंता का विषय है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश के उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में लाखों मुकदमे वर्षों से लंबित हैं। इनमें कई मामले ऐसे भी हैं जो दशकों से निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दस वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या भी काफी बड़ी है। यह स्थिति न्याय व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती प्रस्तुत करती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जिन मामलों को प्रशासनिक स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है, उन्हें लंबे समय तक न्यायिक प्रक्रिया में उलझाए रखना कितना उचित है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है और न्यायालयों का बहुमूल्य समय भी खर्च होता है। कानून का उद्देश्य व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों को रोकना होना चाहिए, न कि मामूली प्रक्रियात्मक त्रुटियों को कठोर दंडात्मक प्रावधानों में उलझाकर व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ बढ़ाना। इसलिए ऐसे मामलों में जुर्माना लगाना और उसकी वसूली सुनिश्चित करना अधिक व्यावहारिक समाधान माना जा सकता है। हालांकि जुर्माने की राशि को लेकर बहस संभव है, लेकिन व्यापक दृष्टि से यह निर्णय प्रशासनिक और न्यायिक सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। यदि इसे पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ लागू किया जाए, तो यह समाज और प्रशासन दोनों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। अन्य राज्यों को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए, ताकि न्याय व्यवस्था पर बढ़ते बोझ को कम किया जा सके और प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
आज देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है और कल पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने देश की राष्ट्रपति आदरणीय द्रौपदी मुर्मू जी का घोर अपमान किया। उनका कार्यक्रम बदइंतजामी के हवाले कर दिया। पश्चिम बंगाल की प्रबुद्ध जनता टीएमसी को एक नारी के अपमान, एक आदिवासी के अपमान और देश की महामहिम राष्ट्रपति के अपमान के लिए कभी माफ नहीं करेगी।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@BhajanlalBjp
नारी शक्ति के सामर्थ्य और साहस से ही विकसित भारत का संकल्प सिद्ध होगा! आदरणीय प्रधानमंत्री @narendramodi जी के जनहितकारी नेतृत्व में ‘नारी शक्ति वंदन अधिनियम’ से लेकर ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ’ तक, हर कदम महिलाओं के सशक्तीकरण और सम्मान को समर्पित है। ‘लखपति दीदी’ योजना, ‘पीएम मुद्रा योजना’ और ‘स्टार्टअप्स’ में बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि नारी अब हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर रक्षा क्षेत्र तक, हमारी नारी शक्ति ‘विकसित भारत’ का मुख्य स्तंभ है। राजस्थान सहित पूरे देश की हमारी माताएं और बहनें आज आत्मनिर्भर भारत की पहचान बन रही हैं।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे ‘सच बेधड़क’ में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## नॉलेज कॉर्नर: महाराष्ट्र का यह अभयारण्य जैव विविधता का खजाना

# ताडोबा: जहां जंगल की धड़कन के साथ लौटे बाघ

महाराष्ट्र का ताडोबा-अंधारी बाघ अभयारण्य भारत के सबसे प्रसिद्ध और समृद्ध वन्यजीव क्षेत्रों में से एक माना जाता है। यह अभयारण्य न केवल बाघों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करता है, बल्कि अनेक दुर्लभ वन्य जीवों, पक्षियों और सरीसृपों का भी महत्वपूर्ण घर है। पिछले एक दशक में यहां संरक्षण के सुनियोजित प्रयासों ने ऐसी सफलता की कहानी लिखी है, जिसने इसे देश के प्रमुख बाघ संरक्षण क्षेत्रों में शामिल कर दिया है। एक समय था जब भारत में बाघों के अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगा था। ताडोबा-अंधारी बाघ अभयारण्य भी इस संकट से अछूता नहीं रहा। करीब एक दशक पहले यहां बाघों की संख्या घटकर लगभग 30 रह गई थी। हालांकि वन विभाग, स्थानीय समुदायों और संरक्षण कार्यक्रमों की निरंतर कोशिशों ने हालात बदल दिए।

### सफारी में मिलती है प्रकृति की नई कहानी

ताडोबा का जंगल सिर्फ बाघों तक सीमित नहीं है। यहां कई प्रकार के शाकाहारी और मांसाहारी वन्य जीव पाए जाते हैं, जो जंगल की पारिस्थितिकी को संतुलित बनाए रखते हैं। हिरणों के परिवार में सांभर, चीतल और काकड़ प्रमुख हैं। इन जानवरों का व्यवहार जंगल में खतरे की पहचान करने में महत्वपूर्ण संकेत देता है। उदाहरण के लिए, जब सांभर को किसी शिकारी की आहट मिलती है, तो वह अक्सर अपने पैरों को जमीन पर पटककर तेज चेतावनी भरी आवाज निकालता है। जंगल के जानकार इसे बाघ की मौजूदगी का संकेत मानते हैं।



### ‘बार्किंग डियर’... खामोशी में आवाज

काकड़, जिसे ‘बार्किंग डियर’ भी कहा जाता है, अपनी भौंकने जैसी आवाज के लिए जाना जाता है। जंगल की खामोशी में उसकी आवाज दूर तक सुनाई देती है और अन्य जानवरों को संभावित खतरे के प्रति सतर्क कर देती है। मृगों की दुनिया में यहां नीलगाय और चौसिंगा जैसी प्रजातियां भी पाई जाती हैं। हिरणों के विपरीत इनके सींग स्थायी होते हैं और हर साल झड़ते नहीं हैं।

### एशियाई जंगली कुत्ते भी पाए जाते हैं

ताडोबा के जंगलों में भारतीय गौर भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह बोवाइन परिवार का सबसे विशाल जंगली सदस्य माना जाता है और इसका वजन एक हजार किलोग्राम तक हो सकता है। गौर के पैरों पर सफेद ‘मोजों’ जैसे निशान इसकी पहचान का प्रमुख संकेत होते हैं। यहां का एक और दिलचस्प निवासी स्लॉथ भालू है, जो शहद और दीमकों की तलाश में पेड़ों पर चढ़ने के लिए जाना जाता है। जंगल में पेड़ों के तनों पर दिखाई देने वाले गहरे नाखूनों के निशान अक्सर इसी भालू की मौजूदगी का प्रमाण होते हैं। ताडोबा में एशियाई जंगली कुत्ते, जिन्हें ‘ढोल’ कहा जाता है, भी पाए जाते हैं। ये लाल रंग के फुर्तीले शिकारी झुंड बनाकर शिकार करते हैं और अपनी सीटी जैसी आवाजों से आपस में संवाद करते हैं।

### तेंदुए की झलक अपेक्षाकृत कठिन

*बाघों के अलावा यहां तेंदुए भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। हालांकि उनका स्वभाव काफी शर्मीला होता है और वे अक्सर पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं, इसलिए उनकी झलक मिलना अपेक्षाकृत कठिन होता है। इन बड़े वन्य जीवों के साथ-साथ ताडोबा की जैव विविधता में अनेक पक्षी, तितलियां, मकड़ियां और सरीसृप भी शामिल हैं। यही विविधता इस जंगल को प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव फोटोग्राफरों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनाती है।*

*कंटेंट: रघुवीर जांगिड़*

**चंडीगढ़: वॉकथॉन में शामिल हुए सीजेआई सूर्यकांत, Bharat24 से की विशेष बातचीत**

# CJI सूर्यकांत ने दिया समानता और महिला सशक्तीकरण का संदेश

डॉ. थानेश्वर शर्मा | बेधड़क

**चंडीगढ़।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित 'वॉकथॉन' में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने फिटनेस, समानता और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया।

उन्होंने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत ने Bharat24 हरियाणा-पंजाब के एडिटर, डॉ. थानेश्वर शर्मा से विशेष बातचीत में महिलाओं के अधिकारों, सामाजिक जागरूकता और फिटनेस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। महिला दिवस के महत्व पर सीजेआई ने कहा, आज का दिन ऐतिहासिक दिन है।

महिलाओं के अधिकारों के लिए लोगों को कैसे जागरूक किया जाए, इसी उद्देश्य से वॉकथॉन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन वीक चल रहा है, उसी के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया।



*चंडीगढ़ में रविवार को आयोजित वॉकथॉन को रवाना करते सीजेआई सूर्यकांत।*

### महिलाओं को खुद ही ढूंढना होगा समाधान

सीजेआई ने कहा कि जब भी कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आती है तो उस पर जागरूकता भी बढ़ती है और कानूनी कार्रवाई भी तुरंत होती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज हमारी महिलाएं, हमारी बेटियां और बहनें इस मुद्दे को लेकर बहुत अधिक जागरूक हैं। यह ऐसी समस्या है, जिसका समाधान बड़े स्तर पर उन्हें खुद भी ढूंढना होगा। इस वॉकथॉन का आयोजन महिलाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ समाज में समानता, जागरूकता और सशक्तीकरण का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया।



### भ्रूण हत्या जैसे मामलों के प्रति संवदेनशील हुए लोग

भ्रूण हत्या और गर्भ में कन्या भ्रूण होने पर गर्भपात करा देने जैसे मुद्दे पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, मुझे लगता है कि भारत में बहुत से लोग इस विषय को लेकर संवेदनशील हुए हैं। इन चीजों को अब ज्यादा समझा जा रहा है। कानून भी इस पर बहुत सख्त है, इसलिए यह कहना सही नहीं है कि ये बढ़ रहे हैं।

---

### EC आज से बंगाल में चुनाव तैयारियों का जायजा लेगा

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारी पश्चिम बंगाल में चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए राज्य का दो दिवसीय दौरा करेंगे। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शीर्ष चुनाव अधिकारी सोमवार और मंगलवार को राजनीतिक दलों, नागरिक और पुलिस अधिकारियों से बातचीत करेंगे। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी की विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। इसलिए इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है।

### जबरन वसूली मामले में लॉरेंस बिश्नोई आरोप मुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य को आरोपमुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने के लिए सबूत पेश करने में विफल रहा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नूपुर गुप्ता ने रमन दीप सिंह की शिकायत पर सनलाइट कॉलोनी पुलिस थाने में दर्ज एक मामले में लॉरेंस बिश्नोई, हरेन सरपदाड़िया और आशीष शर्मा को आरोप मुक्त कर दिया।

### इस्तीफा देने का निर्णय सोच-समझकर: बोस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेगा। कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे।

**सीजेआई ने की न्यायपालिका में संस्थागत सुधारों की वकालत, कहा-**

# महिला वकीलों को जज बनाने पर विचार करें हाई कोर्ट कॉलेजियम

**■ इंडियन वीमन इन लॉ के पहले सम्मेलन को किया संबोधित**

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को न्यायपालिका में अधिक संस्थागत सुधारों की वकालत की, ताकि अधिक महिलाएं विधि क्षेत्र में आ सकें। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम को न्यायाधीश पद के लिए बार की मेधावी महिला सदस्यों पर एक नियम के रूप में विचार करना चाहिए, न कि अपवाद के रूप में।

सीजेआई ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बार के सदस्यों को एक साधारण सी वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिए, महिला सदस्य रियायतें नहीं मांग रही हैं। उन्होंने 'इंडियन वीमन इन लॉ' के पहले सम्मेलन में "हाफ द नेशन-हाफ द बेंच, ब्रिज द गैप-बैलेंस द बेंच" विषय पर कहा, वे निष्पक्ष और उचित प्रतिनिधित्व की मांग कर रही हैं, जो लंबे समय से लंबित है। जब स्वयं यह पेशा इस सत्य को आत्मसात कर लेगा, तभी न्यायपालिका तक पहुंचने का मार्ग स्पष्ट होगा। इस पर वहां मौजूद महिला वकीलों और न्यायपालिका के सदस्यों ने काफी तालियां बजाईं।



### सुधार आकस्मिक घटना नहीं, सतत प्रक्रिया

प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम से अनुरोध किया कि वे अपने विचार क्षेत्र का विस्तार करें और सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही अपने-अपने राज्यों की महिला अधिवक्ताओं को पदोन्नति के लिए शामिल करें। उन्होंने कहा कि यदि प्रगति को सार्थक बनाना है, तो उसे संस्थागत रूप देना होगा। कहानी यह नहीं होनी चाहिए कि किसी एक व्यक्ति को अधिक प्रतिनिधित्व मिला, बल्कि यह होनी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट और देश भर के उच्च न्यायालयों ने समझ-बूझकर निष्पक्षता को अपनी प्रक्रियाओं में समाहित किया है। उन्होंने कहा, हम सभी को यह समझना चाहिए कि इस प्रकार का सुधार कोई आकस्मिक घटना नहीं है, यह एक सतत प्रक्रिया है।

### संस्थागत निष्पक्षता के लिए दृढ़ता की आवश्यकता

सीजेआई ने कहा कि संस्थागत निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत कार्यकाल और व्यक्तिगत व्यक्तित्व से परे दृढ़ता की आवश्यकता होती है। यह मेरे कार्यकाल में, या मेरे साथी न्यायाधीशों के कार्यकाल में पूरी तरह से साकार नहीं हो सकता है। हालांकि, यह हमारी प्रतिबद्धता की गहराई को निर्धारित नहीं कर सकता और न ही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुधार का एक क्षेत्र उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम के भीतर निहित है और उन्हें यह समझना होगा कि सोच-समझकर कार्रवाई करने का समय भविष्य में नहीं, बल्कि अभी है। 'इंडियन वीमेन इन लॉ' नामक संगठन से जुड़ी वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता और महालक्ष्मी पावनी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों में पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और उच्चतम न्यायालय के अन्य सेवारत न्यायाधीश शामिल थे, जिनमें न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना और उज्ज्ल भुइयां भी शामिल थे।

**मादक पदार्थों का जखीरा बरामद**

## देशभर में फैले डार्कनेट ड्रग नेटवर्क का किया भंडाफोड़

एजेंसी | नई दिल्ली

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 'टीम कल्कि' नाम से चल रहे देशभर के ड्रग वितरण नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क जनवरी 2025 से डार्कनेट और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप पर सक्रिय था। पिछले तीन महीनों में जुटाई गई खुफिया जानकारी के आधार पर नई दिल्ली में ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया।

कार्रवाई के दौरान एनसीबी ने 13 घरेलू पार्सलों और नीदरलैंड से आए 2 पार्सलों से कुल 2,338 एलएसडी ब्लॉटर्स, 160 एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां (77.517 ग्राम), 73.612 ग्राम चरस, 3.642 ग्राम एम्फेटामिन, और 3.6 किलो लिक्विड एमडीएमए बरामद किए। यह बरामदगी दिखाती है कि तस्कर डार्कनेट मार्केट और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहे थे। यह कार्रवाई भारत में डार्कनेट के जरिए चल रहे ड्रग नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जांच में पता चला है कि



"टीम कल्कि" नाम के डार्कनेट वेंडर को अनुराग ठाकुर और उसका साथी विकास राठी चला रहे थे। दोनों पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। विकास राठी पहले चरस तस्करी के मामले में तिहाड़ जेल में बंद था, जबकि अनुराग ठाकुर को मेथामफेटामिन तस्करी के मामले में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था। दोनों एक ही समय तिहाड़ जेल में थे, जहां उनकी मुलाकात हुई और बाद में इन्होंने मिलकर "टीम कल्कि" नेटवर्क शुरू किया। जांच से पता चला है कि यह नेटवर्क पूरे भारत में ड्रग्स की सप्लाई करता था और पुलिस से बचने के लिए कई उन्नत तरीके अपनाता था। आरोपियों ने कथित तौर पर ड्रग्स नीदरलैंड, पोलैंड और जर्मनी में बैठे अंतरराष्ट्रीय डार्कनेट वेंडरों से मंगाए थे।

**SIR मामले में मुख्यमंत्री बनर्जी का धरना जारी**

## EC का दुरुपयोग कर रही BJP: ममता

एजेंसी | कोलकाता

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में कथित तौर पर मनमाने तरीके से नाम हटाए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने भाजपा पर मतदाता सूचियों से वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह टिप्पणी रविवार को की, जब निर्वाचन आयोग का एक दल राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए कोलकाता आने वाला है। बनर्जी ने यह आरोप भी लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर एक अभूतपूर्व और सीधा हमला होता देख रहा है। उन्होंने कहा कि अपने 'एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी' के उन्माद में, भाजपा सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद का दुरूपयोग कर रही है ताकि वह अपनी जन-विरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सके। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वर्षों से उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, 'गोदी मीडिया' और न्यायपालिका के एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ उतार दिया है।



*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रविवार को कोलकाता में धरने के दौरान LPG की कीमतों में बढ़ोतरी का विरोध करते हुए।*

### पंजाब में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपए

**चंडीगढ़।** पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने रविवार को महिलाओं के लिए एक नई योजना की घोषणा की। इसके तहत महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे, जबकि अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपए मासिक सहायता मिलेगी। महिलाओं को 1,000 रुपए की मासिक सहायता देना 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले सत्ताधारी दल का एक प्रमुख चुनावी वादा था। विधानसभा में राज्य बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 'मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना' (मुख्यमंत्री मां-बेटी सत्कार योजना) लागू करने की घोषणा की। इसके तहत सरकार महिलाओं के खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर करेगी।

### ठाणे में 'साड़ी वॉकथॉन' का जलवा



*महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'साड़ी वॉकथॉन 2026' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और हैंडलूम ट्रेडिशन को प्रोत्साहित करने के लिए परंपरागत साड़ियों में वॉकथॉन में भागीदारी की।*

**नेपाल: आरएसपी ने रचा इतिहास**

# ऐतिहासिक जीत के साथ बालेंद्र का पीएम बनना तय

एजेंसी | काठमांडू

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है। नेपाल के निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने उन 165 सीट में से 117 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए के पी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है, जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है। जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है।




*नेपाल के झापा के दमक में, रविवार को आम चुनावों में बालेंद्र शाह की भारी जीत की रिपोर्ट वाला अखबार पढ़ती एक महिला।*

### घाटी के तीन जिलों में अन्य दलों का सूपड़ा साफ

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है।

### जनता ने स्थापित दलों को नकारा

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है। बालेन हिमालयी देश के पहले मधेसी प्रधानमंत्री होंगे और साथ ही नेपाल के संसदीय इतिहास में सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा व्यक्ति भी होंगे। पुरानी पार्टियां उन मतदाताओं को भरोसे में लेने में नाकाम रहीं जिनके लिए भ्रष्टाचार से लड़ाई, भाई-भतीजावाद का अंत और देश की राजनीतिक नेतृत्व में पीढ़ीगत बदलाव प्रमुख मुद्दे थे।

### आनुपातिक वोटों में भी आरएसपी आगे

आनुपातिक मतदान प्रणाली में भी आरएसपी 18,15,857 वोटों के साथ आगे है, उसके बाद नेपाली कांग्रेस 6,18,630 वोट के साथ दूसरे स्थान पर है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, सीपीएन-यूएमएल को 5,19,353 वोट, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 2,45,804, आरपीपी को 1,31,277 और श्रम संस्कृति पार्टी को 78,072 वोट मिले हैं।

**होली पर झगड़े में युवक की मौत का मामला**

## MCD ने आरोपी के घर का 'अवैध हिस्सा' गिराया

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने रविवार को तोड़ फोड़ अभियान चलाया और उत्तम नगर में होली पर हुई झड़प के मामले में एक आरोपी के घर के अवैध हिस्सों को गिरा दिया। इस झड़प में 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी। इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

सूत्रों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घर के केवल अवैध रूप से निर्मित हिस्सों को गिराया, न कि पूरे घर को। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि नालों पर बने अतिक्रमण को हटाने के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से एक दिन पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हत्या की निंदा करते हुए दिल्ली में ऐसे जघन्य आपराधिक और हिंसक कृत्यों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने की बात कही थी। जेजे कॉलोनी इलाके में चार मार्च को तरुण (26) के परिवार और पड़ोसियों के बीच हुई झड़प में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, हिंसा तब भड़की जब तरुण के परिवार की एक लड़की द्वारा फेंके गए गुब्बारे का पानी उसके पड़ोसी के परिवार की एक महिला पर गिर गया। पुलिस ने बताया था कि दोनों परिवार पिछले पांच दशकों से एक-दूसरे को जानते थे।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस:** देशभर में कार्यक्रम आयोजित... महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा

# महिलाएं सशक्त हैं, किसी से भी कमतर नहीं: मुर्मू

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए और महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। राष्ट्रपति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है। मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला।



नई दिल्ली में राष्ट्र सेविका समिति-शरण्या के साथ मिलकर भारतीय विद्वत परिषद द्वारा आयोजित महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत: प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# तकनीक के माध्यम से न्याय व्यवस्था आम लोगों तक पहुंचे


गोपाल कृष्ण व्यास
पूर्व न्यायाधीश

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने हाल ही में भूटान में दिए गए अपने व्याख्यान में न्याय व्यवस्था के भविष्य को लेकर एक महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल अदालतों को डिजिटल बनाना नहीं होना चाहिए, बल्कि तकनीक के माध्यम से न्याय को आम लोगों के लिए अधिक सरल, सुलभ और लोकतांत्रिक बनाना होना चाहिए।

आज के समय में तकनीक जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। न्याय व्यवस्था भी इससे अछूती नहीं है। अदालतों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन सुनवाई, डिजिटल दस्तावेज और वर्चुअल कोर्ट जैसी व्यवस्थाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन केवल इन सुविधाओं को शुरू कर देना ही पर्याप्त नहीं है। असली लक्ष्य यह होना चाहिए कि तकनीक का उपयोग अदालतों की जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाने और लोगों के लिए न्याय प्राप्त करना आसान बनाने में किया जाए। एक आदर्श न्याय व्यवस्था वही मानी जाएगी जो जन-केंद्रित हो। जन-केंद्रित अदालतों का अर्थ है, ऐसी न्याय प्रणाली जहां कानून की जटिलताओं को तकनीक की मदद से सरल किया जाए, ताकि आम नागरिक भी बिना भय और भ्रम के न्याय की प्रक्रिया को समझ सके। यदि तकनीक के माध्यम से मुकदमों की जानकारी, सुनवाई की स्थिति और आवश्यक दस्तावेज लोगों तक आसानी से पहुंच जाएं, तो न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास और मजबूत होगा।

यह भी आवश्यक है कि न्याय केवल अदालतों की बड़ी इमारतों या बंद कमरों तक सीमित न रहे। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना होना चाहिए। जब अदालतें तकनीक के माध्यम से लोगों के घरों और जीवन के करीब आती हैं, तब न्याय पाने की दूरी कम हो जाती है। इससे समय, धन और प्रयास की बचत होती है और आम व्यक्ति भी न्याय की प्रक्रिया में सहज रूप से भाग ले सकता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि तकनीक का वास्तविक उद्देश्य अदालतों को केवल डिजिटल रूप देना नहीं, बल्कि न्याय को अधिक मानवीय, सरल और सुलभ बनाना है। जब न्याय व्यवस्था तकनीक का सही उपयोग करते हुए समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगी, तभी लोकतंत्र की मूल भावना-समान और सुलभ न्याय, सच्चे मायनों में साकार हो सकेगी।

### शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष पर हमला

**प्रयागराज/रायबरेली।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों से यौन शोषण के आरोप में केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार की सुबह सिराथू स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर हमला कर दिया। प्रयागराज में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि आशुतोष महाराज का आरोप है कि वह रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज आ रहे थे, सुबह जब ट्रेन सिराथू स्टेशन के पास पहुंची तो वह ट्रेन के शौचालय गए तभी एक व्यक्ति ने उस्तरे से उन पर हमला कर दिया।

### विदेश मंत्री एशिया की स्थिति पर आज देंगे बयान

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में सोमवार को लोकसभा में बयान देंगे। रविवार शाम को जारी लोकसभा की नौ मार्च की संशोधित कार्यसूची में यह जानकारी दी गई है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में हवाई मार्ग के आंशिक रूप से खोले जाने के बाद 52,000 से अधिक भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं।

### महिला पायलटों ने संचालित कीं AI की नौ उड़ानें

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नौ ऐसी उड़ानों का संचालन किया, जिनकी कमान महिला विमान चालकों के हाथों में थी। ये उड़ानें लंदन हीथ्रो, नई दिल्ली और मुंबई सहित चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मार्गों के बीच संचालित की गईं। इनमें से कुछ उड़ानों का संपूर्ण प्रबंधन महिला दल द्वारा किया गया। इसमें विमान चालकों और विमान परिचारकों के अलावा दल नियोजन विश्लेषक, 'फ्लाइट डिस्पैचर' और मौसम विज्ञानी जैसे पदों पर भी महिलाएं शामिल थीं।

**अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त तेल की खरीद**

# भारत ने किया कच्चे तेल के लिए वैकल्पिक स्रोतों का रुख

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है, ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है। इस छूट के तहत पांच मार्च तक जहाजों पर लदे रूसी तेल को पांच अप्रैल तक बिना प्रतिबंधों के भारत पहुंचने की अनुमति दी गई है।



फाइल फोटो

#### आयात बिल बढ़ने की चेतावनी

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है। 28 फरवरी के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 24-25 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तक पहुंच गई हैं।

#### दिग्गज कंपनियों ने फिर शुरू की रूसी तेल की खरीद

रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू कर दी है।

#### देश में 14.4 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार

मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि भारत की स्थिति मजबूत है और वर्तमान भंडार देश की 50 दिनों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। भारत के पास वर्तमान में लगभग 14.4 करोड़ बैरल कच्चा तेल भंडारण में है और महत्वपूर्ण बात यह है कि तेल की इस आपूर्ति की निरंतर भरपाई की जा रही है। मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है।

#### ट्रंप के दबाव के बावजूद रूस से तेल की खरीद रही जारी

**नई दिल्ली।** भारत की ऊर्जा नीति दिल्ली से तय की जाती है, न कि वाशिंगटन। यह बात भारत के कच्चे तेल आयात के आंकड़ों से स्पष्ट होती है। 'द मैट्रिक्स' द्वारा नवंबर 2024 से फरवरी 2026 के बीच भारत के कच्चे तेल आयात के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चला है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका द्वारा लंबे समय तक दबाव बनाए रखने के बावजूद, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाना जारी रखा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई पोस्ट के अनुसार,जनवरी 2025 में पदभार संभालने के बाद ट्रंप ने रूस से तेल की खरीद बंद करने के लिए भारत पर दबाव बढ़ा दिया। स्थिति 2 अप्रैल 2025 को और बिगड़ गई, जब अमेरिकी प्रशासन ने 25 प्रतिशत का "रेसिप्रोकल" टैरिफ घोषित किया।

## आपात स्थिति में उतरा उत्तराखंड के राज्यपाल का हेलीकॉप्टर

एजेंसी | पौड़ी

उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर में रविवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, राज्यपाल टिहरी में आयोजित चार दिवसीय 'टिहरी लेक फेस्टिवल-हिमालयन ओ टू' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी चमोली जिले के गैरसैंण जा रहे थे, जहां सोमवार से उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होना है। उन्होंने बताया कि उड़ान के दौरान दोपहर करीब डेढ़ बजे राज्यपाल के हेलीकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण उसे आपात स्थिति में श्रीनगर स्थित 'जीवीके' कंपनी के हेलीपैड पर सुरक्षित रूप से उतार दिया गया। इस बीच, राज्यपाल को सड़क मार्ग से भेजे जाने को लेकर कांग्रेस ने आलोचना की है।

**रूस का आरोप-** अंतरराष्ट्रीय कानून हुए निष्प्रभावी

## 'पी-5' की शिखर बैठक बुलाई जाए

एजेंसी | मास्को



रूस ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हो गए हैं। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के पांच स्थायी सदस्यों (पी-5) का शिखर सम्मेलन बुलाने के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव पर अमल करने का आह्वान किया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति पुतिन के उस प्रस्ताव पर फिर से विचार करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है, जो उन्होंने कोविड-19 महामारी से पहले दिया था, जिसमें वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करने के लिए पी-5 (रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन) के शिखर सम्मेलन का आह्वान किया गया था। पेस्कोव ने सरकारी टीवी चैनल रॉसिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, हम सबने अंतरराष्ट्रीय कानून नाम की चीज खो दी है। मुझे तो यह भी समझ नहीं आता कि किसी से अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों और सिद्धांतों का पालन करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून "कानूनी तौर पर" मौजूद हैं, लेकिन अब वास्तविक रूप से नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि हम किसी को यह नहीं बता सकते कि अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करो, किस कानून का पालन करो? आज कोई भी यह परिभाषित नहीं कर सकता कि वह कानून क्या है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र काफी हद तक अस्थिर हो गया है।

### एसईजेड नीति में सुधारों के लिए समिति का गठन

**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) नीति में व्यापक सुधारों के बारे में सुझाव देने के लिए एक 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति 'एसईजेड 2.0' नीति तैयार करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपेगी, जिसमें व्यापक और समावेशी सुधारों की रूपरेखा सुझाई जाएगी। समिति मौजूदा विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के समन्वय और एकीकरण पर केंद्रित एक अध्ययन करेगी। इसमें एसईजेड, निर्यात उन्मुख इकाइयां (ईओयू), गोदामों में विनिर्माण जैसी योजनाएं शामिल हैं।

## कटारिया की पत्नी पहुंची पति के ऑफिस

बेधड़क | चंडीगढ़

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की पत्नी अनीता कटारिया ने पहली बार यूटी सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ स्थित उनके कार्यालय का दौरा किया।

राज्यपाल कटारिया ने कहा कि यह मौका उनके लिए एक विशेष और भावनात्मक अवसर रहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला अपने परिवार और जीवनसाथी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिवार के प्रति उनका समर्पण, सहयोग और प्रेरणा ही हमें आगे बढ़ने की शक्ति देता है।



मेरी जीवन यात्रा में भी मेरी पत्नी का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन रहा है। मैं आज जो कुछ भी हासिल कर पाया हूं, उसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान है। कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दी।

**चीनी विदेश मंत्री का मित्रता बनाए रखने पर जोर**

# भारत एवं चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार

एजेंसी | बीजिंग

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में और सुधार किया।



वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए तथा विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के महत्वपूर्ण पड़ोसी और 'ग्लोबल साउथ' के सदस्य होने के नाते, चीन और भारत के बीच गहन सभ्यतागत संबंध हैं और वे व्यापक साझा हितों को साझा करते हैं। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि आपसी विश्वास और सहयोग दोनों देशों के विकास के लिए लाभकारी है, जबकि विभाजन और टकराव एशिया के पुनरुत्थान के लिए हानिकारक है। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा कि दोनों पक्षों को नेताओं द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए और हस्तक्षेप को दूर करना चाहिए।

#### ब्रिक्स में करें एक दूसरे का समर्थन

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, लेकिन बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर इसके सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

### राजनीति से संन्यास नहीं : दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राजनीति से संन्यास लेने की अटकलों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने केवल पार्टी से अनुरोध किया है कि वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें राज्यसभा के लिए तीसरी बार उम्मीदवार नहीं बनाया जाए। सिंह ने कहा कि वह अंतिम सांस तक पार्टी की सेवा करते रहेंगे। सिंह के भविष्य की योजनाओं को लेकर अटकलें उस समय शुरू हुईं जब उन्होंने पांच मार्च को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें एक दंपती सेवानिवृत्ति के बाद देश के विभिन्न स्थानों की यात्रा करते दिख रहा है।

**राजदूत ने की वर्चुअल बातचीत**

## सऊदी अरब में भारतीयों को मदद का दिया भरोसा

एजेंसी | नई दिल्ली



सऊदी अरब में भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान ने रविवार को देश के अलग-अलग इलाकों और प्रांतों से आए भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान उन्होंने समुदाय को भरोसा दिलाया कि दूतावास भारतीय नागरिकों को हरसंभव मदद देने के लिए तत्पर है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करते हुए लिखा, राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान ने डीसीएम अबू माथेन जॉर्ज और काउंसलर (सीडब्ल्यू) वाई साबिर के साथ अलग-अलग इलाकों और प्रांतों से आए भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बातचीत की। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही सऊदी अरब में एक भारतीय नागरिक को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एजेंट के रूप में गिरफ्तार करने की भी खबरें सामने आई थीं, जिसको स्पष्ट करते हुए भारत सरकार ने दावे को पूरी तरह फर्जी और भ्रामक बताया है।

## तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतकर बना चैम्पियन, कीवियों को 96 रन से रौंदा

# मेजबान भारत ने मोटेरा में रचा इतिहास

**एजेंसी** | अहमदाबाद

सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप दिलाया, जिसमें संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जाएगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा।



कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या विश्व कप जीत के बाद तिरंगे के साथ जश्न मनाते हुए।

### भारतीय क्रिकेट का गौरव और इतिहास

यह जीत भारत को लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष टीम बना देती है। 2007 और 2023 की ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ इसे जोड़ा जाएगा। पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे अभिषेक शर्मा ने फाइनल में अपने आलोचकों को जवाब दिया, जबकि सैमसन ने अपने कॅरिअर की सबसे यादगार पारी खेली।

## टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने पर आरसीए द्वारा भव्य आतिशबाजी


कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत भारत की जीत पर जश्न मनाते हुए।


गुलाबी नगरी के राजापार्क में भारत की जीत पर जश्न मनाते लोग।

## मैने सचिन सर से लंबी बातचीत की थी : संजू सैमसन

**एजेंसी** | अहमदाबाद

संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से लंबी बातचीत को देते हुए कहा कि पिछले दो महीने से वह लगातार इस महान बल्लेबाज के संपर्क में थे। सैमसन को पिछले तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिये 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' चुना गया। सैमसन ने कहा ,'' पिछले दो महीने से मैं सचिन सर से लगातार संपर्क में था । मैने उनसे लंबी बात की । उनसे मार्गदर्शन मिलने से बेहतर क्या हो सकता है।'' उन्होंने कहा ,'' जिसने भी मेरा समर्थन किया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं ।'' विश्व कप से पहले खराब फॉर्म से जूझ रहे सैमसन ने कहा ,'' यह सपने जैसा है। मैं बहुत खुश हूं । मेरे पास शब्द या भाव नहीं है ।'' उन्होंने कहा ,'' ईमानदारी से कहूं तो इसकी शुरूआत एक दो साल पहले हुई । जब मैं 2024 विश्व कप टीम में था लेकिन खेला नहीं। मैं सोचता रहा और काम करता रहा। न्यूजीलैंड श्रृंखला के बाद मैं टूट गया था, मेरे सपने टूट गए थे ।'' उन्होंने कहा ,'' मैं सोच रहा था कि क्या करूं। लेकिन ईश्वर ने कुछ और ही सोच रखा था। सपने देखने का साहस करने का मुझे फल मिला।



### खेल हलचल

## पद्मनाभ के पंजे से जयपुर SMS गोल्डवास चैंपियन



**जयपुर।** जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर एसएमएस गोल्ड वास (आउट ऑफ हैट) कप के फाइनल में टीम जयपुर ने रोमांचक मुकाबले में कृष्णा पोलो को 6-5.5 से हराकर खिताब जीत लिया। टीम जयपुर की जीत के नायक पद्मनाभ सिंह रहे, जिन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए पांच गोल दागे। टीम का छठा गोल योगेंद्र सिंह ने किया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर्षोदय सिंह को टूर्नामेंट का 'मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर' (एमवीपी) चुना गया। कृष्णा पोलो को आधे गोल का एडवांटेज मिला था।

### पूर्व टेस्ट क्रिकेटर हरभजन सिंह जयपुर में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आए

## भज्जी ने RCA अकादमी में मैच देखा, खिलाड़ियों से मिले

**बेधड़क** | जयपुर

गुलाबी नगरी में सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट एकेडमी भारत की सर्वश्रेष्ठ एकेडमियों में से एक है। यह भारतीय क्रिकेट का ही नहीं वरन विश्व क्रिकेट का नक्शा बदलने वाले ललित मोदी की देन है, यह बात पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और नामी ऑफ स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह ने कही। हरभजन सिंह उर्फ भज्जी ने कहा कि जयपुर की इस अकादमी से मेरा गहरा नाता रहा है। मैं यहां कई बार खेलने आया हूं और वैसे भी आता रहा हूं। मेरा यहां का अनुभव अच्छा है। भज्जी ने यहां स्थानीय खिलाड़ियों से भी मुलाकात की और उनकी कोचिंग के बारे में बातचीत की, साथ ही उनके साथ अपने अनुभव भी शेयर किए। उन्होंने कुछ समय तक यहां भारत-न्यूजीलैंड का वर्ल्ड कप फाइनल मैच भी देखा।



उन्होने एकेडमी के बारे में बताया कि यहां कहां किसकी फोटो लगी है, यह तक भी मुझे मालूम है। इस दौरान एकेडमी में खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, सामाजिक कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत और विधायक रफीक खान भी मौजूद थे। हरभजन सिंह जयपुर में एक कार्यक्रम में आए थे। अविनाश गहलोत ही भज्जी को यहां लेकर आए थे। वे यहां करीब आधा घंटे ही रूके।

## आईएएस एकादश फाइनल में विधायक एकादश से भिड़ंत आज

**बेधड़क** | जयपुर

तीन दिवसीय मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता में आईएएस एकादश ने विधानसभा कर्मचारी एकादश को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में खेले गए मैच में विधानसभा कर्मचारी एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 111 रन बनाए। नवीन ने नाबाद 24 रन, जबकि दीपक और सोमेंद्र ने 20-20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आईएएस एकादश ने राधेश्याम डेलू के शानदार 56 रन की बदौलत तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। उपमन्यु 15 रन बनाकर नाबाद रहे। डेलू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल में सोमवार शाम आईएएस एकादश का सामना विधायक एकादश से होगा।



# बिजनेस बेधड़क

> मैं भारत की भविष्य की संभावनाओं को लेकर हमेशा से बहुत आश्वस्त और उत्साहित रहा हूं। मुझे लगता है कि यह अपार संभावनाओं वाला एक महान देश है।
>
> -रतन टाटा, उद्योगपति



> जिद्दी होना जरुरी है। आपको तब तक हार नहीं माननी चाहिए जब तक आप हार मानने को मजबूर न हों।
>
> -एलन मस्क, उद्योगपति



### जरूरी खबर

#### इस्पात उद्योग पर बढ़ेगा लागत का दबाव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर भारत सहित वैश्विक इस्पात बाजारों पर पड़ सकता है। बिगमिंट रिसर्च के अनुसार कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में तेजी से इस्पात उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ रही है। विश्लेषकों के मुताबिक युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो अब बढ़कर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। इसके साथ ही माल ढुलाई लागत में भी हाल के समय में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती लागत का बोझ कंपनियां ग्राहकों पर डाल सकती हैं। हालांकि यदि बाजार ऊंची कीमतों को स्वीकार नहीं करता है तो इस्पात की मांग पर भी असर पड़ सकता है।

#### शीर्ष 10 में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट के चलते देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 2,81,581.53 करोड़ रुपए की कमी आई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,368.29 अंक यानी 2.91 प्रतिशत गिर गया। आंकड़ों के अनुसार SBI का बाजार मूल्यांकन 53,952.96 करोड़ रुपए घटकर 10.55 लाख करोड़ रुपए रह गया। वहीं ICICI बैंक और HDFC बैंक के मूल्यांकन में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

### डब्ल्यूटीओ सुधार, मत्स्य सब्सिडी और ई-कॉमर्स कर स्थगन पर होगा मंथन

## याउंडे में जुटेंगे कई देशों के व्यापार मंत्री

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कैमरून की राजधानी याउंडे में 26 से 29 मार्च तक होने वाले विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में वैश्विक व्यापार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इस चार दिवसीय बैठक में 166 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री संगठन में सुधार, कृषि व्यापार, विवाद निपटान प्रणाली और ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। अधिकारियों के अनुसार भारत सहित कई विकासशील देश इन मुद्दों पर अपने हितों की मजबूती से पैरवी करेंगे।

अधिकारी ने बताया कि बैठक में मत्स्य पालन सब्सिडी, चीन के नेतृत्व वाले 'विकास के लिए निवेश सुविधा' (आईएफडी) समझौते, ई-कॉमर्स कार्य कार्यक्रम, कर स्थगन, विकास और विशेष व विभेदक व्यवहार (एसएंडडीटी) जैसे विषय भी प्रमुखता से उठ सकते हैं। जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन संगठन का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला मंच है और इसकी बैठक आमतौर पर हर दो वर्ष में आयोजित की जाती है।




#### बैठक में चर्चा के प्रमुख मुद्दे

- डब्ल्यूटीओ सुधार और विवाद निपटान प्रणाली की बहाली
- कृषि व्यापार और सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग पर समाधान
- विशेष सुरक्षा तंत्र (एसएसएम) पर विकासशील देशों की मांग
- ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन (मोरटोरियम)
- मत्स्य पालन सब्सिडी से जुड़े नियम
- 'विकास के लिए निवेश सुविधा' (आईएफडी) प्रस्ताव
- विशेष व विभेदक व्यवहार (एसएंडडीटी) प्रावधान

#### विवाद निपटान तंत्र बना प्रमुख मुद्दा

बैठक में डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली में सुधार भी एक प्रमुख विषय होगा। संगठन की अपीलीय संस्था दिसंबर 2019 से निष्क्रिय है, क्योंकि अमेरिका नए सदस्यों की नियुक्ति को रोकता रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि विकासशील देश इस प्रणाली की बहाली को वैश्विक व्यापार व्यवस्था के लिए आवश्यक मानते हैं।

#### सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग का उठेगा मुद्दा

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। भारत सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग के मुद्दे पर स्थायी समाधान की मांग को इस सम्मेलन में भी जोरदार ढंग से उठाने की तैयारी कर रहा है। यह मुद्दा एक दशक से अधिक समय से लंबित है और विकासशील देशों के लिए खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है। भारत विशेष सुरक्षा तंत्र को लागू करने की मांग भी करेगा, जिसके तहत विकासशील और अल्पविकसित देश आयात में अचानक वृद्धि या कीमतों में तेज गिरावट की स्थिति में अस्थायी रूप से शुल्क बढ़ा सकेंगे। हालांकि ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे केर्न्स समूह के देश सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग को बाजार विकृत करने वाला बताते हुए विरोध करते हैं। अमेरिका कृषि उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है तो यूरोपीय संघ कृषि सब्सिडी में कटौती की मांग।

#### ई-कॉमर्स कर छूट पर टकराव के आसार

ई-कॉमर्स से जुड़े कर स्थगन पर भी तीखी बहस होने की संभावना है। भारत का तर्क है कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से होने वाली आपूर्ति पर सीमा शुल्क न लगाने की व्यवस्था से विकासशील देशों के राजस्व को नुकसान हो रहा है और इससे घरेलू उद्योगों के विकास में बाधा आती है। भारत ने पहले भी इस स्थगन को आगे बढ़ाने का विरोध किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक व्यापार इस समय अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों और पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण पहले ही दबाव में है।

### बाजार हलचल

## पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सोने की चाल अनिश्चित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के चलते अगले सप्ताह भी सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के साथ-साथ प्रमुख वैश्विक और घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर भी नजर बनाए रखेंगे, जिससे सर्राफा बाजार की दिशा तय होगी। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर के अनुसार पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर सोने की कीमतों को समर्थन मिल सकता है। हालांकि यदि क्षेत्र में तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो बाजार में मुनाफावसूली के चलते कीमतों में गिरावट भी देखने को मिल सकती है। चांदी में फिलहाल सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव हो रहा है, लेकिन इसमें अस्थिरता बनी हुई है।

## तांबा महंगा, रुपया कमजोर, एसी के दाम 5-15% तक बढ़े

**नई दिल्ली।** कच्चे माल की बढ़ती लागत और रुपए की कमजोरी के कारण देश में एयर कंडीशनर (एसी) की कीमतों में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की जा रही है। प्रमुख एसी कंपनियों ने फरवरी से अप्रैल के बीच विभिन्न मॉडलों की कीमतों में यह वृद्धि लागू करना शुरू कर दिया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय हो रही है जब गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है और एसी की मांग तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में तेजी, रुपए की कमजोरी, माल ढुलाई लागत में वृद्धि और नए ऊर्जा-दक्षता मानकों के कारण कंपनियों की लागत बढ़ी है। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनियां कीमतों में बढ़ोतरी कर रही हैं। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन कंवलजीत जावा ने बताया कि अप्रैल से एसी की कीमतों में करीब 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।

### कच्चे तेल में तेजी और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी चाल

## पश्चिम एशिया संकट से शेयर बाजार में बढ़ी चिंता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो सकती है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक घटनाक्रमों के साथ विदेशी निवेशकों के रुख और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों का भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ेगा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बाजार के लिए अहम बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही इस सप्ताह कुछ महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जिनसे निकट भविष्य में बाजार की दिशा तय हो सकती है। उन्होंने बताया कि घरेलू स्तर पर निवेशक 12 मार्च को जारी होने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड करीब 8.52% बढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं तो इसका असर भारतीय अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार दोनों पर पड़ सकता है।



#### बाजार पर असर डालने वाले प्रमुख कारक

- पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव
- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी
- 12 मार्च को आने वाले सीपीआई मुद्रास्फीति आंकड़े
- विदेशी निवेशकों की बिकवाली
- वैश्विक बाजार के रुझान और रुपए की स्थिति

#### बाजार में हो सकता है उतार-चढ़ाव

ऑनलाइन निवेश मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाला सप्ताह बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। उनका कहना है कि निवेशक वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से ऊर्जा बाजार से जुड़े संकेतों पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि तेल की कीमतें निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को सीधे प्रभावित करती हैं। पिछले सप्ताह भी शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी। बीएसई सेंसेक्स 2,368.29 अंक यानी 2.91 प्रतिशत गिर गया, जबकि निफ्टी 728.2 अंक यानी 2.89 प्रतिशत टूट गया। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और बाजार में लगातार गिरावट के कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली बढ़ी है। जब तक तेल की कीमतों में नरमी और संघर्ष के परिणाम को लेकर स्पष्टता नहीं आती, तब तक विदेशी निवेशकों के बाजार में बड़े स्तर पर वापसी की संभावना कम है।

#### जैक्वार समूह को 'लाइटिंग' से 1,700 करोड़ रुपए का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** जैक्वार समूह ने अगले तीन वर्षों में अपने लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को बढ़ाकर 1,700 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के निदेशक (प्रकाश उत्पाद) रणबीर मेहरा ने बताया कि वर्तमान वित्त वर्ष में लाइटिंग कारोबार से लगभग 700 करोड़ रुपए के राजस्व की उम्मीद है और आने वाले वर्षों में इसमें मजबूत वृद्धि की संभावना है। कंपनी के पोर्टफोलियो में एलईडी, व्यावसायिक, आउटडोर और फसाड लाइटिंग के साथ बल्ब व ट्यूब लाइट जैसे उपभोक्ता उत्पाद शामिल हैं।

## ‘वॉइस ऑफ लॉयर्स’ में एडवोकेट्स ने दिखाई गायन प्रतिभा

# राजसमंद की राजश्री और झालावाड़ के गुरुचरण जीते

**बेधड़क** | जयपुर

द बार एसोसिएशन जयपुर व हेल्थ एजुकेशन एंड लव फॉर पीपल सोसाइटी की ओर से स्व. पी.के. शर्मा एडवोकेट की स्मृति में आयोजित ‘वॉइस ऑफ लॉयर्स (VOL)’- अधिवक्ताओं के लिए कराओके गायन प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रविवार को पाथेय भवन, मालवीय नगर, जयपुर में हुआ। आयोजन द बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष सोमेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जबकि कार्यक्रम के संयोजक द बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी रहे। प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों, अधिवक्ताओं व प्रतिभागियों ने स्व. पी.के. शर्मा एडवोकेट के व्यक्तित्व व कृतित्व का स्मरण किया। प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन 22 फरवरी को हुए थे, जिनमें से 20 का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए किया गया। निर्णायक मंडल में पंडित हरिहर शरण भट्ट, प्रोफेसर डॉ. गौरव जैन तथा शिखा माथुर रहे। पुरुष वर्ग में विजेता पुरस्कार एडवोकेट गुरुचरण सिंह (झालावाड़) को, जबकि रनर-अप पुरस्कार एडवोकेट हरीश शर्मा व एडवोकेट करण वाधवा (उदयपुर) को दिया गया। महिला वर्ग में विजेता पुरस्कार एडवोकेट राजश्री अतुल पालीवाल (राजसमंद) को, जबकि रनर-अप पुरस्कार एडवोकेट प्रियंका (जयपुर) को दिया गया।



विजेताओं का सम्मान करते अतिथि।



### स्वास्थ्य परिचर्चा के संग हेल्थ चेकअप



**बेधड़क, जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से लायंस क्लब एंजेल रूबी व लायनेस क्लब जयपुर रूबी के सहयोग से मेट्रो मास हार्ट एंड केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य परिचर्चा व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की और निशुल्क जांच कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवंत जैन व विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋचा बलवदा (सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार) व विभूति मंगल भारतीय वायुसेना स्क्वाड्रन लीडर रहे। डॉ. शालिनी गर्ग ने महिलाओं में हृदय रोग, डॉ. कृति शाह ने मासिक धर्म स्वच्छता तथा डॉ. शालिनी अग्रवाल ने बच्चों में टीकाकरण मिथक और तथ्य विषय पर जानकारी दी। मंच संचालन संस्था कोषाध्यक्ष मनीषा जैन ने किया। संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर सहित प्रियंका गोयल, श्यामा अग्रवाल, उपमा सारस्वत, सुधा, रेखा, पारस सेठी, मंजू जैन, आयुष जैन, मनीष विजयवर्गीय, विकास जैन, मोनिका जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में जयश्री ज्वेलर्स का विशेष सहयोग रहा, जबकि अनुष्ठान रेस्त्रां सहयोगी संस्था के रूप में रहा।

## City इवेंट्स

### नेत्र जांच कर निशुल्क चश्में दिए



**बेधड़क, जयपुर।** केसर स्कूल मदरामपुरा डिग्गी रोड पर स्थित बालाजी अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय मेडिकल रिलीफ सोसायटी की ओर से रविवार को निशुल्क चिकित्सा एवं दवा शिविर लगाया गया। इस दौरान मरीजों की आंखों की जांच कर निशुल्क चश्में प्रदान किए गए। शिविर में अमेरिका के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ड्रेक्स, डॉ. अब्रि ल्यूसिटो, बालाजी चिकित्सालय के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार एवं चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सुलेखा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. गुड़िया, लैब असिस्टेंट शंकर लाल मीणा एवं अन्य स्टाफ ने कैंप में सहयोग दिया। चिकित्सालय सचिव डॉ. विनोद सक्सेना ने बताया कि कैम्प में 170 से अधिक मरीजों की जांच कर इलाज किया गया। स्टाफ में राकेश सेन, अशोक बुनकर, जीतराम सैनी, हिना बानो, विनोद कुमावत, राजू, दुर्गालाल, मनीष आदि ने कैंप व्यवस्था में सहयोग दिया। अंत में मुख्य अतिथि मदनलाल वर्मा और चिकित्सकों को स्टाफ ने माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### गुणीजन संगीत व सम्मान समारोह आज

**बेधड़क, जयपुर।** सबरंग संस्था और पिंक सिटी प्रेस क्लब की ओर से अखिल भारतीय स्तर का गुणीजन संगीत व सम्मान समारोह सोमवार शाम प्रेस क्लब सभागार में आयोजित होगा। संस्था सचिव डॉ. राजेंद्र राव ने बताया कि वरिष्ठ गायक व संगीतकार सैमुअल एल्फर्ड मंगलाचरण प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. साक्षी शर्मा वायलिन वादन, युवराज सिंह कथक नृत्य तथा पंडित कौशल कांत पंवार नृत्य निर्देशन की प्रस्तुति देंगे। समारोह का मुख्य आकर्षण बाल कलाकार त्रिशा सिंह की प्रस्तुति रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता समाजसेवी, शिक्षाविद् व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. एल.सी. भारतीय करेंगे, जबकि डॉ. कविता सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।

### चिकित्सा शिविर का उठाया लाभ



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के सांगानेर में निरोगी सांगानेर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जहां 25 डॉक्टर्स की टीम ने निशुल्क जांच, परामर्श व उपचार सेवाएं देकर लाभ पहुंचाया। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, एक्स-रे, खून की जांच सहित कई चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। निशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श से लोग लाभान्वित हुए। आयोजन में सांगानेर विधानसभा रिद्धि-सिद्धि मंडल अध्यक्ष दीपा नाथावत व वरिष्ठ समाजसेवी ताराचंद सैनी का विशेष सहयोग रहा। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ‘शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन’ महोत्सव में पन्नाधाय की प्रतिमा का किया अनावरण

# 500 लेडीज और गर्ल्स ने तलवारबाजी का प्रशिक्षण लेकर लिया राष्ट्र रक्षा का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जयपुर में ‘शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन’ महोत्सव नारी शक्ति, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गौरव के संगम का साक्षी बना। कार्यक्रम में समाज, प्रशासन, कला और शिक्षा जगत की हस्तियों ने भाग लेकर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। महोत्सव में मां पन्नाधाय नारी शक्ति महोत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने मां पन्नाधाय की प्रतिमा का अनावरण किया। बैरवा ने कहा कि भारत की संस्कृति में नारी को शक्ति, करुणा और सृजन का प्रतीक माना गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

निंबाराम ने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को देवी का स्थान दिया गया है। परिवार और समाज की मूल शक्ति महिला ही होती है और उसके संस्कार ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य तय करते हैं। निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित ‘शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन’ महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास, साहस और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण का उत्सव है। डॉ. गुर्जर ने बताया कि महोत्सव के तहत तलवारबाजी प्रशिक्षण, प्रेरक संवाद सत्र, युवा संवाद, तकनीकी चर्चा और नारी शक्ति सम्मान समारोह जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव के दौरान 500 से अधिक महिलाओं और युवतियों ने तलवारबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त किया और आत्मरक्षा के साथ-साथ राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आयोजित ‘जेन जी का विकसित भारत’ सत्र में लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।



कार्यक्रम में महिलाओं के साथ तलवार लहरातीं डॉ. सौम्या गुर्जर। फोटो: पंकज शर्मा



तलवार लहरातीं एक्ट्रेस रवीना टंडन और डॉ. सौम्या गुर्जर।



मां पन्नाधाय की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और अन्य।

### ‘मेरी कहानी, मेरी जुबानी’ में साझा किए अनुभव

महोत्सव के विशेष सत्र ‘मेरी कहानी, मेरी जुबानी’ में बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने जीवन, कॅरिअर और समाज से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में महिलाएं आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन भारत में महिलाओं को अपेक्षाकृत अधिक सम्मान और अवसर प्राप्त हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बेटों को सही संस्कार देना जरूरी है। उन्हें राजस्थान का पारंपरिक भोजन बाजरे की खिचड़ी, गुड़-घी और केर-सांगरी की सब्जी पसंद है। मॉडरेटर अल्का गौड़ ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं के साथ संवाद किया। सत्र में आईएएस अधिकारी डॉ. निधि पटेल, आरपीएस अधिकारी अंजू यादव, फिक्की प्रेसिडेंट रिम्मी शेखावत, बी. लाल लेबोरेटरी से सुदीप्ति अरोड़ा, स्वच्छता प्रहरी काजल वाल्मिकी और पोद्दार पीजी कॉलेज की प्रिंसिपल स्निग्धा शर्मा ने भाग लिया। तीसरे सत्र ‘एआई इन वुमन’ में तकनीक और महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। आर्या कॉलेज से पूजा अग्रवाल, फिक्की की पास्ट प्रेसिडेंट रघुश्री पोद्दार और मणिपाल यूनिवर्सिटी से डॉ. अर्पित सहित कई विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।



आरपीएस अंजू यादव।



### मुकेश बागड़ा रहे मैन ऑफ द मैच

# फर्स्ट इंडिया ने प्रेस क्लब रॉयल्स को रौंदा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रेस प्रीमियर लीग (PPL)-2026 के दूसरे दिन खेले गए रोमांचक मुकाबले में फर्स्ट इंडिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रेस क्लब रॉयल्स को 7 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की।

मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रेस क्लब रॉयल्स की टीम 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से रमेश कुमावत ने सबसे अधिक 41 रन बनाकर संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी करने में सफल नहीं हो सके। फर्स्ट इंडिया के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने नहीं दिया। मुकेश बागड़ा, दिनेश डांगी और गर्वित नारंग ने दो-दो, तथा मनीष दीक्षित और पवन बागड़ा ने एक-एक विकेट लिए।

108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फर्स्ट इंडिया की टीम ने 9.5 ओवर में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत में मुकेश बागड़ा ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 50 रन बनाए। हुकुम सिंह ने 14 रन का योगदान दिया, जबकि गर्वित नारंग 13 रन बनाकर नाबाद रहे। अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर मुकेश बागड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



गर्वित नारंग, विजय सिंह चौहान, विमल सिंह तंवर, चंद्रप्रकाश शर्मा, दिनेश डांगी, मुकेश बागड़ा, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, कैलाश चौधरी, राहुल शर्मा, हुकुम सिंह, पवन बागड़ा, विजेंद्र सिंह सौलंकी और मनीष दीक्षित।



मुकेश बागड़ा।

## महिलाओं के लिए लगाया विशेष चिकित्सा शिविर




**बेधड़क** | जयपुर


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलम हॉस्पिटल और भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क कैंसर स्वास्थ्य जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं के लिए सोनोग्राफी, पैप स्मीयर, मैमोग्राफी, सीबीसी और सीए-125 (CA 125) जैसी जांचें निशुल्क की गईं। शिविर में मंगलम हॉस्पिटल की डॉ. अंजू माथुर व डॉ. सौम्या माथुर सहित भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम ने सेवाएं दीं। शिविर के दौरान लगभग 75 महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और जांच कराई। इस दौरान डॉ. अंजू माथुर ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कैंसर के लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को मात दी जा सकती है।



# 'वुमन एम्पावरमेंट डे' पर महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

**बेधड़क, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को ताज मानसिंह होटल में 'वुमन एम्पावरमेंट डे' पर विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान होटल की महिला कर्मचारियों को उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जगदीश चंद्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डॉ. जगदीश चंद्र ने सभी महिला कर्मचारियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनका सम्मान किया और चैनल की ओर से उन्हें स्नेहस्वरूप चॉकलेट भेंट की। अपने संबोधन में डॉ. चंद्र ने महिला सशक्तीकरण की भावना की सराहना करते हुए कहा कि आतिथ्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं की पेशेवर दक्षता, समर्पण और विभिन्न जिम्मेदारियों को संतुलित ढंग से निभाने की क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने महिला कर्मचारियों को उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ शशि, खुशी, स्मृति, कीर्ति, शगुन, श्रद्धा, गोपिका, सुबर्णा, याशिका, कुशी और इशिका।


डॉ. जगदीश चंद्र का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करती प्रतिष्ठा।

## गुरिंदर सिंह सिक्का और कुशम कौर की शादी की गोल्डन जुबली वर्षगांठ मनाई

# शुकराना कीर्तन समागम में जन्म-जन्म के साथ की शुभकामनाएं

**बेधड़क** | जयपुर-नई दिल्ली।

सिक्का ग्रुप के फाउंडर गुरिंदर सिंह सिक्का और कुशम कौर सिक्का की शादी की गोल्डन जुबली वर्षगांठ पर रविवार को नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में शुकराना कीर्तन समागम आयोजित किया गया। लखी शाह वंजारा हॉल में हुए आयोजन में परिवार, मित्र और अतिथियों ने दंपती को 50 वर्ष के साथ की बधाई दी।

डॉ. जगदीश चंद्र भी समागम में पहुंचे और गुरुद्वारे में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। वर्षगांठ मना रहे दंपती को बधाई देते हुए उन्होंने उनके स्थायी और मजबूत संबंध की सराहना की तथा आने वाले वर्षों के लिए निरंतर खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और आध्यात्मिक संतुष्टि की कामना की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, मंत्री डॉ. महेश शर्मा और प्रो. अभिषेक मिश्रा शामिल हुए। परिवार के सदस्य और करीबी मित्र भी मौजूद रहे, जिनमें हरविंदर सिंह सिक्का, शिल्पा सिक्का, गुरनीत सिंह सिक्का, नरेंद्र सुराना और नंदलाल कनोडिया खास रहे।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ शिल्पा सिक्का, नंदलाल कनोडिया, नरेंद्र सुराणा, गुरनीत सिंह सिक्का और पारिवारिक सदस्य।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ प्रो. अभिषेक मिश्रा और नरेंद्र सुराणा।


गुरिंदर सिंह सिक्का और कुशम कौर सिक्का।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ गुरिंदर सिंह सिक्का, नरेंद्र सुराणा और अन्य।

## सिंगर शिबानी कश्यप ने बांधा समां

# श्रेया अरोड़ा पटोदी के सिर पर सजा शिम्मर मिसेज राजस्थान का ताज


रूपल अग्रवाल (द्वितीय रनर-अप), श्रेया अरोड़ा पटोदी (शिमर मिसेज राजस्थान सीजन 4), सिंगर शिबानी कश्यप, कृति पौवल (प्रथम रनर-अप) और अलका अग्रवाल (आयोजक, शिमर मिसेज राजस्थान)

**बेधड़क** | जयपुर

इंटरनेशनल वुमन्स डे पर एंटरप्रेन्योर वुमेन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित शिम्मर मिसेज राजस्थान सीजन-4 का ग्रैंड फिनाले जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 21 से 45 वर्ष की आयु की विवाहित महिलाओं ने भाग लिया। ऑडिशन के बाद 15 प्रतिभागियों को अंतिम चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। चयनित प्रतिभागियों को योगा, वेलनेस, ग्रूमिंग, इमेज, पर्सनेलिटी, मेकअप, डाइट और पब्लिक स्पीकिंग जैसे विभिन्न सेशंस के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। फिनाले में श्रेया अरोड़ा पटोदी को विनर चुना गया, जबकि फर्स्ट रनर-अप कृति पौवल और सेकंड रनर-अप रूपल अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर शिबानी कश्यप ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया और अपने अनूठे अंदाज से जयपुरवासियों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पी. एम. सुधीर बाजपाई मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में डॉ. देवेन्द्र पाठक (नेशनल बिजनेस हेड), डॉ. कृति सोनी, बलविंदर वालिया और करण तोमर मौजूद रहे। जूरी में पेजेंट कोच शैलजा सूरी, वेलनेस कोच श्वेता बोपड़ा, प्रेसिडेंट नीलम मित्तल फोर्टी, फैशन डिजाइनर प्रीति टांक और मिसेज इंडिया ग्लैम पूनम गिडवानी शामिल रहीं। नारायणा हॉस्पिटल और न्यूट्रिऑर्ग के सहयोग से हुए आयोजन में आयोजक अलका अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

# बिजनेस के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी नहीं भूलें



**बेधड़क** | जयपुर

कैट वुमन विंग ने खास अंदाज में इंटरनेशनल वुमन डे सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल फेडरेशन की प्रेसिडेंट और समाजसेवी निर्मला रावत के साथ एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसमें निर्मला रावत ने कहा कि दुनिया भर में हुए शोध से यह तय हो चुका है कि अब बिजनेस को महिलाएं अधिक बेहतर तरीके से आगे बढ़ाती हैं, क्योंकि उनमें संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि बिजनेस करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नहीं भूलना चाहिए। न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. हनी पालीवाल ने विशेष सत्र में कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक महिला पूरे परिवार को स्वस्थ रखती है। कार्यक्रम में कैट नेशनल एडवाइजरी बोर्ड मेंबर रुचि प्रभाकर, नेशनल कॉर्डिनेटर रिचा चंद्रा, स्टेट कॉर्डिनेटर चारू अग्रवाल के साथ हेमलता अग्रवाल, श्वेता टाटिवाला, शिवा कूलवाल, सिमि ख्वाला और आशा पटेल जैसी शहर की प्रमुख समाजसेवी और महिला उद्यमियों ने भाग लिया।

## मिस इंडिया ग्लैम की विनर्स का सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** इंटरनेशनल वुमन्स डे की पूर्व संध्या पर मिस इंडिया ग्लैम की विनर्स का सम्मान किया गया। क्लब टेडी में आयोजित समारोह में मिस इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक ने मॉडल्स को बुके भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर निकिता नरवान, अवनी शर्मा, नंदिनी परिहार, कामना राजपुरोहित, माही शर्मा, हर्षिता वर्मा, तमन्ना सरनानी, हर्षिता शर्मा और अनुष्का चौधरी मौजूद रहीं।

## शर्मा अध्यक्ष व शुक्ला सचिव नियुक्त



**बेधड़क, जयपुर।** मानसरोवर रजत पथ स्थित पचपनेश्वर महादेव मन्दिर में भूमिहार ब्राह्मण समाज, जयपुर का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों ने कार्यकारिणी का गठन किया और के. के. शर्मा को अध्यक्ष, संजय शुक्ला को सचिव, राजेश शर्मा को प्रवक्ता, अविनाश शर्मा को सहप्रवक्ता तथा प्रफुल सिन्हा को संयोजक मनोनीत किया गया। साथ ही समाज की अगली बैठक 5 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय हुआ।

**बुक साइनिंग कार्यक्रम** Ghosts, Horror and Hills के लेखक ने पाठकों से किया संवाद

# आदित्य कांत ने साझा किए भूतिया कहानियों के राज

**बेधड़क** | जयपुर

वरिष्ठ पत्रकार और लेखक आदित्य कांत ने बहरिसन्स बुकसेलर्स में नई पुस्तक Ghosts, Horror and Hills के लिए आयोजित बुक साइनिंग कार्यक्रम के दौरान पाठकों से संवाद किया। उनके चर्चित क्राइम थ्रिलर High on Kasol की सफलता के बाद अलौकिक विषय पर उनका यह नया प्रयास आकर्षण का केंद्र रहा।

सत्र में कांत से पूछा गया कि वे अपनी भूतिया कहानियों को इतना प्रामाणिक कैसे बनाते हैं? कांत ने कहा कि उनकी पत्रकारिता की पृष्ठभूमि ही उनके काल्पनिक संसार के निर्माण का रहस्य है। किताब का महाराष्ट्र के लिए आधिकारिक विमोचन मुंबई के लोक भवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया था। कांत ने घोषणा की कि वे इस महीने के अंत में पुस्तक को शिमला में प्रस्तुत करने की योजना बना रहे हैं। लेखक ने वितस्ता पब्लिशिंग के प्रति आभार जताया। आदित्य कांत ने द टाइम्स ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान टाइम्स व द स्टेट्समैन सहित कई प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में वरिष्ठ संपादकीय पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में वे धर्मशाला स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश में पत्रकारिता व जनसंचार के विशिष्ट प्रोफेसर हैं।



पत्रकारों और पाठकों के साथ आदित्य कांत।


आदित्य कांत के साथ युवा पाठक शिवेंद्र राव।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

न्यूज बेधड़क FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 09 मार्च, 2026



“सकारात्मकता हर क्षण में संभावना देखने का शांत निर्णय है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



**वीरों के सम्मान में** चूरू के जिला खेल स्टेडियम में गौरव सैनानी समारोह

# राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका: सीएम भजनलाल

**बेधड़क** | चूरू/जयपुर

राजस्थान की वीर भूमि शेखावाटी में रविवार को जिला खेल स्टेडियम में गौरव सैनानी समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि यहां हर गांव में कोई न कोई ऐसा परिवार है, जिसने सेना की वर्दी पहनी है।

उन्होंने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। वे आजीवन राष्ट्रहित और समाजहित के लिए निरंतर कार्य करते हैं। उनका त्याग और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति और वीर भूमि हमेशा वीरता की प्रेरणा देती है। उन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 एवं 1971 के भारत-पाक युद्ध, करगिल युद्ध और अन्य अभियानों में चूरू के जवानों के साहस की सराहना की। उन्होंने परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के अदम्य योगदान को याद किया। समारोह में जिले की आठ तहसीलों से आठ हजार पूर्व सैनिक, वीर माताएं और वीरांगनाएं शामिल हुईं। सेना ने अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया और पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर भी लगाया गया। सेना के कुशल डॉग स्क्वाड ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



*सैनिक परिवार के सदस्यों का अभिवादन करते सीएम भजनलाल शर्मा। साथ में हैं लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह।*



*चूरू प्रवास के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के आवास पर आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा का अभिनंदन करतीं महिलाएं।*

## मुख्यमंत्री से मिलीं मैथिली ठाकुर



*सीएम भजनलाल शर्मा से रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर बिहार के दरभंगा जिले की अलीनगर विधानसभा सीट से विधायक और फेमस लोक गायिका सुश्री मैथिली ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांस्कृतिक विरासत और लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के विषय पर बातचीत हुई।*

## सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा

मुख्यमंत्री ने किसानों से बिजली आपूर्ति, नहरों के सुदृढ़ीकरण और फिरोजपुर फीडर की पानी वहन क्षमता बढ़ाने सहित विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत कर खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है। सीएम भजनलाल ने बताया कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ अन्न उत्पादन में महत्वपूर्ण जिले हैं और राज्य को अनाज का भंडार बनाने में इनका बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने किसानों को समय के अनुरूप खेती की आधुनिक पद्धतियां अपनाने और कम पानी वाली फसलों पर जोर देने की सलाह दी।

## सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखा जाएगा चूरू स्टेडियम का नाम

सीएम भजनलाल शर्मा ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन पराक्रम, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं और उनके परिवारों के त्याग की सराहना की और राज्य सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्स में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, युद्ध स्मारक, सैनिक कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। सीएम ने विभिन्न विभागों में पूर्व सैनिकों के मानदेय में 20% बढ़ोतरी, द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों की पेंशन बढ़ाना, आरटीडीसी होटलों में छूट और नवीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय खोलना जैसी योजनाओं की भी घोषणा की गई। लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि फौजी कभी अकेला नहीं रहता और गौरव सैनानी समारोह एक्स-सर्विसमैन और सेना के बीच जुड़ाव व जिम्मेदारी का प्रतीक है। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया और जॉब लेटर सौंपे।

## महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, जिला प्रभारी एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, विधायक संजीव बेनीवाल, गुरवीर बराड़, गणेशराज बंसल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## हनुमानगढ़ में किसानों से किया संवाद

वहीं हनुमानगढ़ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लिया। समारोह के बाद उन्होंने किसानों के साथ खेती, सिंचाई, बिजली और अन्य योजनाओं पर विस्तृत संवाद किया और फीडबैक लिया।

**बेधड़क FIRST**

## छह घंटे की देरी के बाद मुंबई के लिए रवाना हुई फ्लाइट

जयपुर एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की फ्लाइट में देरी के कारण यात्रियों को रातभर परेशान होना पड़ा। स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या SG-251 जयपुर से मुंबई के लिए रात 1:25 बजे रवाना होनी थी, लेकिन तकनीकी और संचालन कारणों से फ्लाइट का समय दो बार बदला गया। यात्री करीब छह घंटे तक एयरपोर्ट पर इंतजार करते रहे। कई यात्रियों ने एयरलाइन से जानकारी नहीं मिलने पर नाराजगी भी जताई। आखिरकार लंबी देरी के बाद फ्लाइट सुबह 7:15 बजे जयपुर से मुंबई के लिए रवाना हुई।

## एयर शो के सफल आयोजन पर चार अधिकारियों का सम्मान

जलमहल पर आयोजित भारतीय वायुसेना के एयर शो के सफल आयोजन के लिए चार प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय वायुसेना की ओर से यह सम्मान समारोह 10 मार्च को दोपहर 12:30 बजे वायुसेना स्टेशन पर आयोजित होगा। सम्मानित होने वालों में जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव नवीन जैन, जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी और पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता आदित्य नारायण रावत शामिल हैं। वायुसेना ने 20 से 22 फरवरी तक जलमहल पर भव्य एयर शो का आयोजन किया था। इस दौरान सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने शानदार हवाई करतब दिखाए थे।

**सीएस ने ली** गृह रक्षा विभाग की बैठक

# आईटी सिस्टम और प्रशिक्षण से मजबूत होगी होमगार्ड व्यवस्था : मुख्य सचिव



**बेधड़क** | जयपुर

गृह रक्षा विभाग की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर रविवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के आधुनिकीकरण को राज्य सरकार की दीर्घकालीन परिकल्पना ‘विकसित राजस्थान @ 2047’ के अनुरूप गति देने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवकों को केवल आरक्षित सहायक बल के रूप में सीमित नहीं रखा जाए। उन्हें एक सक्रिय तकनीकी रक्षक और मुख्य धारा में एकीकृत सहायक बल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन में होमगार्ड की अग्रिम भूमिका को सुदृढ़ करने, जयपुर सहित प्रदेशभर में यातायात प्रबंधन में उनकी संस्थागत और परिचालनात्मक भागीदारी बढ़ाने और नवीनतम तकनीकों के अनुरूप उनके प्रशिक्षण और क्षमता सर्वंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने विभाग की आईटी और सरंचना सुदृढ़ करने और एचडीएमएस प्रणाली की कार्यात्मक क्षमताओं का विस्तार करने पर बल देते हुए कहा कि इससे स्वयंसेवकों के नियोजन, प्रशिक्षण और सेवा प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता तय होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार गृह रक्षा दल राज्य की सुरक्षा व्यवस्था में विश्वसनीय, सक्रिय और तकनीकी सक्षम सहायक बल के रूप में अधिक सुदृढ़ भूमिका निभा सकेगा। बैठक में विभागीय केडर रिव्यू, स्वयंसेवकों को देय शीतकालीन वर्दी वितरण प्रणाली में विद्यमान विसंगतियों का समाधान और आईटी सेल की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों की प्रगति पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया गया। मुख्य सचिव ने आश्वस्त किया कि इन विषयों पर आगामी तीन माह के भीतर पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी और लंबित प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत, महानिदेशक गृह रक्षा मालिनी अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव गृह (ग्रुप-7) सोविला माथुर, निदेशालय अधिकारी सहित समस्त जिलों के गृह रक्षा कमांडेंट उपस्थित रहे।

**पूर्व सीएम ने** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दी शुभकामनाएं

# घर की नींव में सबसे मजबूत ईंट होती है महिला: वसुंधरा राजे

**बेधड़क** | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि नारी न केवल परिवार की आधारशिला है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की प्रेरणा भी है। राजे ने महिलाओं के साहस, परिश्रम और संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि नारी सम्मान, समान अवसर और सशक्त भागीदारी ही सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की पहचान है। उन्होंने ‘Give To Gain’ की भावना के साथ नारी गरिमा का सम्मान करने और समान व संवेदनशील समाज के निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने का संदेश दिया। वसुंधरा राजे रविवार को जेईसीआरसी विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अभिनंदन एवं अवार्ड समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि घर की नींव में सबसे मजबूत ईंट महिला ही होती है। यदि वह नींव से निकल जाए तो पूरा घर हिल जाता है।

**CSR से** निखरा शेखासर तालाब, मंत्री ने किया लोकार्पण

# जल संचय हमारी लोक संस्कृति का मूल आधार: शेखावत

**बेधड़क** | फलोदी



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को शेखासर तालाब पर सीएसआर के तहत करवाए गए जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर शेखावत ने कहा कि जल संचय हमारी लोक संस्कृति का मूल आधार रहा है। हमारे पूर्वज तालाबों, कुंडों और बावड़ियों के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण करते थे, जिससे लंबे समय तक जल की उपलब्धता बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि शेखासर तालाब 70 गांवों के लिए जल का आधार है। 18 महीने पूर्व शुरू किए गए जीर्णोद्धार कार्य आज पूर्ण हुए हैं। जलाशय में खुदाई के कार्य से इसकी क्षमता बढ़ाई गई है। पाल पर सोलर लाइट लगाई गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तालाब के विकास के और कार्य भी करवाए जाएंगे। वर्तमान समय में विश्व के अनेक हिस्सों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में हमें अपने पूर्वजों की परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए जलस्रोतों के संरक्षण तथा जल संचय के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

**सरकार से** किराया नियंत्रित करने की मांग

# मिडिल ईस्ट संकट में बढ़े हवाई किराए पर गहलोत ने जताई चिंता

**बेधड़क** | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में हो रही भारी बढ़ोतरी पर चिंता जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि कई रूट्स पर हवाई किराया सामान्य से 3-4 गुना तक बढ़ गया है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, खासकर छात्रों और कामगारों की घर वापसी तथा भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक लौटना मुश्किल हो गया है।

गहलोत ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अपने अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि संकट के समय आम लोगों को राहत देना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने भारत सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से एयरलाइंस के साथ मिलकर तुरंत हस्तक्षेप करने और हवाई किरायों पर ‘प्राइस कैप’ तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आपदा के समय एयरलाइंस को अतिरिक्त मुनाफाखोरी की अनुमति देना जनहित में नहीं है।

**चिरंजीवी योजना की बदहाल स्थिति पर उठाए सवालः** इसके साथ ही अशोक गहलोत ने राज्य की स्वास्थ्य बीमा योजना की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार की ऐतिहासिक मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का नाम तो बदल दिया गया, लेकिन आज योजना की स्थिति बदहाल हो गई है।

**जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी ‘राष्ट्र रत्न’ से सम्मानित**

# जैसलमेर में दादागुरुदेव चादर महोत्सव का समापन

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दूरभाष पर दी शुभकामनाएं, कहा- धर्म और अध्यात्म को नई ऊर्जा देता है चादर महोत्सव

**बेधड़क** | जयपुर

स्वर्णनगरी जैसलमेर में आयोजित तीन दिवसीय दादागुरुदेव चादर महोत्सव रविवार को विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी को ‘राष्ट्र रत्न’ की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की ओर से प्रदान किया गया। साथ ही दादागुरु जिनदत्त सूरी चादर महोत्सव समिति, जैसलमेर जैन ट्रस्ट और आयोजन से जुड़ी सभी समितियों की ओर से उन्हें ‘सूरी सम्राट’ की उपाधि से भी नवाजा गया।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दूरभाष के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं जैसलमेर आकर महोत्सव में शामिल होना चाहते थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से ऐसा संभव नहीं हो सका। उन्होंने जैन समाज के सभी श्रद्धालुओं को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी को ‘राष्ट्र रत्न’ सम्मान मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से राजस्थान में धर्म और अध्यात्म की भावना को नई ऊर्जा मिलती है और समाज में नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने में मदद मिलती है।





## महेंद्रसागरजी को आचार्य पद से अलंकृत

महोत्सव के दौरान अध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर महेंद्रसागरजी को आचार्य पद से अलंकृत किया गया। यह प्रतिष्ठित उपाधि गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी द्वारा विधिवत प्रदान की गई। इसके अलावा गणिनी पद समारोह का भी आयोजन हुआ। इसमें साध्वी शुभद्रा श्रीजी को गणिनी पद से सम्मानित किया गया। पूज्य उपाध्याय मनितप्रभ सागरजी की ओर से ‘द यूनिवर्सल ट्रूथ’ और डॉ. विद्युत्प्रभा श्रीजी की पुस्तक ‘गुरुदेव’ का विमोचन भी हुआ।

## चातुर्मास प्रवास कार्यक्रम की हुई घोषणा

महोत्सव के समापन पर साधु-साध्वियों के आगामी चातुर्मास प्रवास कार्यक्रम की घोषणा की गई, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को चादर अभिषेक जल और वासक्षेप का वितरण किया गया। इस तीन दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु, संत-महात्मा उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम बन गया। आयोजन समिति में चेयरमैन के रूप में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, संयोजक पूर्व चेयरमैन तेजराज गोलेछा, राष्ट्रीय सचिव पद्म टाटिया, समन्वयक प्रकाशचंद लोढ़ा और समायोजक महेंद्र भंसाली शामिल रहे।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।